नई दिल्ली। गुरुवार 31 जुलाई-2025 | वर्ष : 10 अंक : 222 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...



# उमड़ा कुछ इस तरह जनता का सैलाब जैसे कोई छोड़ गया अपना ही साथ

## स्व. मंत्री राजपाल त्यागी के लिए उमड़ा भावनाओं का मनोभाव





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी की शोकसभा कविनगर रामलीला मैदान में आयोजित हुई। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी का निधन 18 जुलाई को हो गया था। 18 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक कोई दिन ऐसा नहीं बचा जब उनके आवास से लेकर कविनगर स्थित रामलीला मैदान में श्रद्धांजलि देने के लिये, दुख व्यक्त करने के लिये अपने नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिये जनसैलाब ना उमड़ा हो। बुधवार को कविनगर रामलीला मैदान में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. राजपाल त्यागी की शोकसभा आयोजित की गई थी। यहां पर एक ऐसा जनसैलाब उमड़ा जिसे देखकर ये कहा जा सकता है कि ये जनसैलाब तभी उमड़ता है जब जनता ये महसूस करे कि इस दुनिया से उनका कोई अपना कोई खास चला गया है।

राजपाल त्यागी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिये इतने लोग आए कि कविनगर मैदान छोटा पड़ गया। गाड़ियों की लाइन कविनगर को पार करती हुई शास्त्रीनगर तक जा पहुंची। सबसे बड़ी बात ये थी कि ये जनसैलाब ये एहसास करा रहा था कि कोई नेता जनता के दिलों पर किस तरह से राज करता है। राजपाल त्यागी एक ऐसे जननायक रहे, एक ऐसे जननेता रहे जिनके सामने किसी भी दल का बल कमजोर पड़ जाता था। उन्होंने राजनीति में ये एक मिसाल कायम की कि अगर कोई भी जननेता जनता के बीच रहेगा, जनसेवक बनकर काम करेगा तो फिर उसके सामने कोई लहर, कोई मैजिक काम नहीं करेगा। उसका अपना काम बोलेगा और बुधवार को ये एहसास हो रहा था कि राजपाल त्यागी वास्तव में गाजियाबाद की राजनीति में एक इतिहास पुरुष के रूप में दर्ज हो गए है।

वो जनता के बीच जनता के साथ रहते थे और जब उन्होंने दुनिया से विदा ली तो क्षेत्र की जनता ने आकर ये एहसास करा दिया कि वो वास्तव में जनता के नेता थे और हजारों की संख्या में ये जनता अपने नेता राजपाल त्यागी को श्रद्धांजलि अर्पित करने आई है। कविनगर रामलीला मैदान में सुबह 11 बजे श्रद्धांजलि का कार्यक्रम शुरू होना था और ये श्रद्धांजलि एक ऐसे जननायक को थी जो अपने कर्म से अपने व्यवहार से राजनीतिक दलों से भी बड़ा रुतबा रखता था। श्रद्धांजलि देने के लिये ग्यारह बजे का समय रखा गया था और सुबह आठ बजे से ही लोग आने लगे। शाम को पांच बजे तक लगातार एक जनसैलाब श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिये श्रद्धांजलि सभा में उमड़ पड़ा। एक बड़ा संदेश इस रामलीला मैदान की श्रद्धांजलि सभा से गया।

ये सभी नेताओं के लिये एक संदेश था कि कोई एक व्यक्ति अपने आप में एक राजानीतिक विचारधारा एक राजनीतिक दल कैसे होता है, पूरा मैदान खचाखच भर गया और सबसे बड़ी बात ये थी कि यहां खास लोग तो आए ही मगर वो लोग भी आए जिन्हें आम कहा जाता है। वो गुमनाम चेहरे जो भीड़ कहलाते हैं और जब ये भीड़ सैलाब बनकर रामलीला मैदान में श्रद्धांजलि देने पहुंची तो राजनीति की भी समझ में आ गया कि क्यों राजपाल त्यागी निर्दलीय लड़कर भी विधायक का चुनाव जीत जाते थे। ये भीड़ उनके समर्थकों की थी, ये भीड़ बता रही थी कि वो अपने नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करने आए हैं। आज राजपाल त्यागी हमारे बीच नहीं हैं लेकिन वो हमेशा क्षेत्र की जनता के बीच जीवित रहेंगे। वो एक आदर्श पुरुष के रूप में जिंदा रहेंगे और निश्चित रूप से भीड़ मानों कह रही हो कि जब तब सूरज चांद रहेगा, तब तक पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी का नाम जिंदाबाद रहेगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी अपने पुत्र गिरीश त्यागी और अपने पुत्र मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी के लिये एक बड़ी विरासत छोड़कर गये हैं। पीढ़ियों को इस विरासत को संभालकर रखना होगा। क्योंकि ये एक ऐसी विरासत है जो जनता के बीच रहकर, जनता के काम आकर, जनता के सुखदुख में खड़े होकर प्राप्त की गई है।

### पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त किया शोक





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने विधायक अजीतपाल त्यागी को पत्र लिखकर उनके पिता पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त किया। इसी तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि राजपाल त्यागी एक जनप्रिय नेता थे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की। डिप्टी सीएम कैशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि पूर्व से निर्धारित शासकीय कार्यों में अत्यंत व्यवस्तता होने के कारण मैं चाहकर भी श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहा हूं। मैं शोक संतृप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। डिप्टी सीएम कैशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि मेरी संवेदना आपके और आपके परिवार के साथ है। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने शोक संदेश भेजकर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिये स्व. राजपाल त्यागी परिवार के वरिष्ठ सदस्य थे। उनकी कमी जीवन पर्यंत खलती रहेगी। इन दुख के क्षणों में मैं और मेरा परिवार आपके साथ है।








































# विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कांग्रेस पर इतिहास से घबराने का आरोप लगाया



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कांग्रेस पर इतिहास से घबराने का आरोप लगाया। उन्होंने सिंधु जल संधि को लेकर नेहरू की नीतियों पर सवाल उठाए और कहा कि भारत अपनी मुख्य नदियों का पानी दूसरे देश को दे रहा है। जयशंकर ने कहा कि मोदी सरकार ने नेहरू की गलतियों को सुधारा है और पाकिस्तान के आतंकवाद का समर्थन बंद करने तक संधि स्थगित रहेगी।

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग इतिहास से घबराते हैं। उन्होंने यह तंज सिंधु जल संधि (क्ल्ल४िर हंउेी१ ळ१ींउ८) को लेकर कसा, जिसे पहलगाम आतंकी हमले के बाद स्थगित कर दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष कई बार सरकार पर आरोप लगाता रहा है कि ट्रंप ने भारत-पाक के बीच सीजफायर समझौता कराया है, हालांकि भारत सरकार इन आरोपों से इनकार करती रही है। राज्यसभा में ऑपरेशन सिन्दूर पर चर्चा के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, मैं उनको कहना चाहता हूं, वो कान खोलकर सुन लें। 22 अप्रैल से 16 जून तक, एक भी फोन राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच में नहीं हुआ।

जयशंकर ने इतिहास का जिक्र करते हुए कहा, कुछ लोग इतिहास को भूल जाना चाहते हैं। शायद यह उन्हें सूट नहीं करता। वे सिर्फ वही बातें याद रखना चाहते हैं जो उनके मन को भाए।

## नेहरू की नीतियों पर उठाए सवाल

जयशंकर ने 1960 में जवाहरलाल नेहरू के संसद में दिए बयान को याद किया। उन्होंने कहा, 30 नवंबर 1960 को नेहरू ने कहा था कि संसद को पानी की मात्रा या पैसे के लेन-देन पर फैसला नहीं करना चाहिए। लोगों ने इसका विरोध किया था। नेहरू ने कहा था कि यह संधि पाकिस्तानी पंजाब के हित में है। लेकिन उन्होंने कश्मीर, पंजाब, राजस्थान या गुजरात के किसानों के बारे में एक शब्द नहीं कहा।

विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि यह संधि उस समय की गलत नीतियों का नतीजा थी। उन्होंने कांग्रेस की सोच पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह इतिहास से सबक लेने को तैयार नहीं।

## 'मोदी सरकार ने सुधारी गलतियां'

जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेहरू की गलतियों को सुधारने का काम किया है। उन्होंने कहा, हमें 60 साल तक बताया गया कि कुछ नहीं हो सकता। नेहरू की गलतियां सुधारी नहीं जा सकतीं। लेकिन मोदी सरकार ने दिखाया कि यह मुमकिन है। आर्टिकल 370 को खत्म किया गया और अब सिंधु जल संधि को भी सुधारा जा रहा है। उन्होंने साफ कहा कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन पूरी तरह बंद नहीं करता, यह संधि स्थगित रहेगी। हमने चेतावनी दी है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। जयशंकर ने कहा कि भारत अब पुरानी गलतियों को दोहराने नहीं जा रहा। उन्होंने पाकिस्तान को सख्त संदेश देते हुए कहा कि आतंकवाद और जल संधि साथ-साथ नहीं चल सकते। हमने साफ कर दिया है कि अगर पाकिस्तान अपनी नीतियां नहीं बदलता, तो भारत इस संधि पर अमल नहीं करेगा।

# एक अगस्त को पांच स्थानों पर चलेगा ऑपरेशन सुरक्षा चक्र अभ्यास

## जिला संयुक्त अस्पताल से लेकर मोदीनगर तहसील तक होगी एक्सरसाइज




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं भारतीय सेना की पश्चिमी कमान मुख्यालय दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली राज्य से आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से एक अगस्त को गाजियाबाद में सुरक्षा चक्र अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। एक अगस्त को सुबह नौ बजे से गाजियाबाद के पांच प्रमुख स्थानों पर मार्क एक्सरसाइज की जाएगी। जिसका उद्देश्य भूकंप, बाढ़ एवं आपातकालीन स्थिति में क्विक रिस्पांस देना है। साथ ही लोगों के जीवन को बचाना भी रहेगा।

### इन पांच स्थानों पर होगी मॉक एक्सरसाइज

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरी एक्सरसाइज में दमकल विभाग से लेकर पुलिस और कई अन्य एजेंसियों को शामिल किया जाएगा। यह कार्यक्रम इंग्रैहॅम इंटर कॉलेज राजनगर गाजियाबाद, वीवीआईपी एड्रेस समिति नूर नगर राज नगर एक्सटेंशन, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड टीला शाहबाजपुर लोनी, मोदीनगर तहसील सरकारी भवन और जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर-23 में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला आपद प्रबंधन प्राधिकरण, यशोदा अस्पताल मेडिकल कैंप, स्टेजिंग एरिया रेस्क्यू टीम और जल निगम कार्यालय गाजियाबाद द्वारा राहत शिविर लगाने में सहयोग किया जाएगा। इस दौरान लोगों में पैनिक की स्थिति ना हो और कहीं पर किसी प्रकार का हादसा ना हो। इसके लिए बड़ी संख्या में पर्याप्त पुलिस बल और सहयोग करने के लिए स्वयंसेवकों को भी लगाया जाएगा।

# सीएम बोले: 2017 के पहले चीन के माल से पटा पड़ा था यूपी का बाजार, अब ओडीओपी के उत्पाद ज्यादा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित युवा कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान का शुभारंभ कर दिया है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को उद्यम से जोड़ना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले यूपी का बाजार त्योहारों पर चीन के सामान से पटा हुआ था। आज चीन के उत्पाद से ज्यादा ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) का उप्पाद बिक रहा है। 2017 के पहले भी प्रदेश में ओडीओपी बड़े पैमाने पर थे लेकिन तब उस समय की सरकारें नहीं समझ पाईं क्योंकि उनके लिए परिवारवाद ही सर्वोपरि था। वो लोग लगातार प्रदेश के एमएसएमई उद्योगों को बंद करने की साजिश का हिस्सा बन गए थे पर अब सरकार युवाओं को उद्यमी बनने के लिए मदद कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित युवा कॉन्क्लेव में कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना अब युवाओं के लिए जॉब लेने नहीं बल्कि देने का माध्यम बन गई है। सक्सेस स्टोरी सुनकर बहुत अच्छा महसूस हुआ। एक ऐसी स्कीम जिसका ब्याज और गारंटी सरकार दे रही है। दस फीसदी मार्जिन मनी का लाभ भी सरकार दे रही है। इसी का परिणाम है कि 2751 करोड़ रुपए 68000 युवाओं को दिए गए। ये यूपी का पोटेंशियल है। ऐसे लाखों युवा यूपी में हैं, जो अलग अलग सेक्टर में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय टापू जैसा बन गए। उन्हें स्टेट और सेंट्रल की योजनाओ की जानकारी नहीं होती। वहां से निकला युवा चौराहे पर खड़ा होकर असमंजस में होता है फिर बिना जानकारी के लोन लेता है लेकिन ज्ञान न होने के कारण कर्ज के बोझ तले दब जाता है जिनके पास ज्ञान होता है, उनके पास पैसा नहीं होता। ऐसी सभी समस्याओं का समाधान सीएम युवा योजना है। विश्विद्यालय के साथ एमओयू इसीलिए किए गए हैं कि वहां पढ़ रहे बच्चों को राज्य और केंद्र योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके पहले सीएम योगी ने युवा कॉन्क्लेव और एक्सपो 2025 का शुभारंभ किया है। यह दो दिवसीय युवा कॉन्क्लेव प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए उद्यमिता के द्वार खोलेगा। इसमें फ्रेंचाइजी, वित्तीय संस्थाएं, औद्योगिक ब्रांड्स, नीति निमार्ता, प्रशिक्षक और निवेशक एक ही मंच पर मौजूद रहेंगे। अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीएम युवा उद्यमी अभियान रोजगार को युवाओं से जोड़ने की परिकल्पना है । इसे एक साल पहले लॉन्च किया गया था जिसके इतने जबरदस्त रिस्पांस की उम्मीद नहीं थी। हम आज 150 नए आईडिया दे रहे हैं।

ये सक्सेसफुल बिजनेस आइडिया हैं जो पांच लाख रुपए से शुरू किए जा सकते हैं। इस अभियान के तहत युवाओं को बिजनेस आइडिया से जोड़ा जाएगा। विश्वविद्यालय को पहली बार जोड़ा गया है जिनके 1100 छात्र आज आए हैं। जो उद्यमी बनेंगे। रूफटॉप सोलर मेंटेनेंस उद्यम की भी शुरूआत आज से की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अगले एक साल में 10 लाख इंटरप्रेन्योर को पैदा करना है।
आयुक्त एवं निदेशक उद्योग के. विजयेंद्र पांडियन ने बताया कि इस कॉन्क्लेव को वन स्टॉप बिजनेस प्लेटफॉर्म के रूप में डिजाइन किया गया है, जहां आइडिया से लेकर उद्यम शुरू करने तक की पूरी यात्रा को सरल बनाया गया है।

# भारत ने फिर रचा इतिहास: इसरो-नासा का मिशन 'निसार' लॉन्च, अंतरिक्ष से पृथ्वी की करेगा निगरानी



**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 30 जुलाई यानी आज निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) मिशन का प्रक्षेपण किया गया। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र बुधवार शाम 5:40 बजे निसार को जीएसएलवी-एस16 रॉकेट के जरिये लॉन्च किया गया। यह पहला ऐसा मिशन है जिसमें पहली बार किसी जीएसएलवी रॉकेट के जरिये ऐसे उपग्रह को सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट (सूर्य-स्थिर कक्ष) में स्थापित किया जाएगा। जीएसएलवी रॉकेट लगभग 19 मिनट की यात्रा के बाद उपग्रह को 745 किलोमीटर की ऊँचाई पर सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित करेगा। सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट) वह कक्षा होती है, जिसमें उपग्रह पृथ्वी के ध्रुवों के ऊपर से गुजरता है और हर बार जब वह एक विशेष स्थान से गुजरता है तो सूरज की रोशनी की स्थिति एक जैसी रहती है। कावुलुरू ने मिशन के बारे में बताया कि नासा ने निसार के लिए एल-बैंड उपलब्ध कराया है जबकि इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार के लिए एस-बैंड उपलब्ध कराया है। इससे बड़ी मात्रा में डाटा एकत्र करना संभव हो पाएगा। यह उपग्रह अंटार्कटिका, उत्तरी ध्रुव और महासागरों सहित पृथ्वी से संबंधित व्यापक डाटा प्रसारित करेगा। इसरो ने कहा कि इस मिशन से समुद्र के स्तर की निगरानी, जहाजों का पता लगाना, तूफानों पर नजर रखना, मिट्टी की नमी में बदलाव, सतही जल संसाधनों की मैपिंग और आपदा प्रबंधन जैसे कई अहम क्षेत्रों में मदद मिलेगी। यह उपग्रह भूकंप से जमीन में आई हल्की दरारें या बर्फ की चादर में बदलाव का पता लगाएगा।

## पूरे विश्व से एकत्र होगा डाटा, हर देश की सरकारें करेंगी इस्तेमाल

कावुलुरू ने बताया कि निसार पूरे विश्व से डाटा एकत्र करेगा और इसका इस्तेमाल व्यावसायिक तथा वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। कवुलुरु ने कहा, इसरो इस डाटा का प्रसंस्करण करेगा और इसका अधिकांश हिस्सा ओपन-सोर्स के रूप में उपलब्ध कराएगा, ताकि दुनिया भर के उपयोगकर्ता इसे आसानी से प्राप्त कर सकें। इससे हम हिमालय और अंटार्कटिका जैसे क्षेत्रों में वनों में होने वाले बदलवा, पर्वतों की स्थिति या स्थान में बदलाव और ग्लेशियरों की गतिविधियों सहित मौसमी परिवर्तनों की निगरानी कर सकेंगे।

## 12 दिन में पूरी पृथ्वी का डेटा

इसरो के मुताबिक, नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह का प्रक्षेपण दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच एक दशक से अधिक लंबे सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इसरो ने बताया कि यह उपग्रह हर 12 दिनों में पूरी पृथ्वी का स्कैन करेगा, और दिन-रात, हर मौसम में उच्च-रिजॉल्यूशन वाला डेटा प्रदान करेगा। उपग्रह पृथ्वी की सतह पर अत्यंत सूक्ष्म बदलावों की पहचान करने में सक्षम होगा, जैसे वनस्पति में बदलाव, बर्फ की चादरों का खिसकना और जमीन का विकृति (डिफॉर्मेशन)।

# सोनप्रयाग-गौरीकुंड पैदल मार्ग पर हुआ भारी भूस्खलन केदारनाथ यात्रा पर तीन दिन के लिए लगा ब्रेक



**देहरादून।** सोनप्रयाग-गौरीकुंड पैदल मार्ग पर भारी भूस्खलन हुआ है, जिसके चलते केदारनाथ यात्रा पर ब्रेक लग गया है। मुनकटिया से करीब डेढ़ किमी आगे पहाड़ी का बड़ा हिस्सा ढहने से रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया है। यहां दोनों तरफ से आवाजाही ठप हो गई है।

मौसम के ठीक होने पर बुधवार सुबह तक सड़क बहाल होने की उम्मीद थी, लेकिन भारी भूस्खलन के चलते सोनप्रयाग-गौरीकुंड पैदल मार्ग बंद हो गया। हाईवे बंद होने पर पुलिस ने गौरीकुंड और सोनप्रयाग से दोतरफा आवाजाही को रोक दिया है। मंगलवार को शाम साढ़े छह बजे बारिश के बीच मुनकटिया से करीब डेढ़ किमी आगे ऊपरी तरफ चट्टान का बड़ा हिस्सा भरभराकर सड़क आ गिरा। उस दौरान हाईवे से वाहन नहीं गुजर रहे थे, अन्यथा नुकसान हो सकता था।

सोनप्रयाग कोतवाली प्रभारी राकेंद्र सिंह कठैत ने बताया कि बड़े-बड़े बोल्डर के साथ ही मलबा भी गिरा है, जिससे आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। इससे गौरीकुंड और सोनप्रयाग में यात्रियों को रोक दिया गया है। एनएच के अधिशासी अभियंता ओंकार नाथ पांडे ने बताया कि दो मशीनों की मदद से मलबा साफ करने का काम शुरू कर दिया गया है। रुक-रुककर होती बारिश और अंधेरे के चलते कार्य में दिक्कत हो रही है। मौसम ने साथ दिया तो बुधवार सुबह सात बजे तक हाईवे पर यातायात बहाल कर दिया जाएगा।

## 2000 श्रद्धालु गए केदारनाथ

मंगलवार को दिनभर हुई बारिश के बीच सोनप्रयाग से 2000 श्रद्धालु पैदल मार्ग से धाम रवाना हुए। वहीं दर्शन कर 1300 यात्री शाम 5 बजे तक सोनप्रयाग पहुंच गए थे। केदारनाथ में भी बारिश के बीच दर्शनों के लिए भक्तों का उत्साह चरम पर रहा। तड़के से हुई बारिश के बीच सुबह 6 बजे से सोनप्रयाग से श्रद्धालुओं को केदारनाथ के लिए रवाना किया गया। इस दौरान कई बार बारिश तेज भी हुई, जिसके चलते यात्रियों को रोका भी गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राकेंद्र सिंह कठैत ने बताया कि शाम 5 बजे तक 2000 यात्रियों को केदारनाथ के लिए भेजा गया, जिसमें ज्यादातर केदारनाथ पहुंच गए थे। वहीं, बाबा केदार के दर्शन कर 1300 यात्री लौट चुके थे। उधर केदारनाथ में भी बारिश के बीच सुबह से भक्तों का उत्साह चरम पर रहा। दूसरी तरफ केदारनाथ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा पुराण के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य स्वयंवर प्रसाद सेमवाल ने श्रीकृष्ण जन्मलीला का वर्णन किया।

## महागठबंधन में तेजस्वी यादव की बैठक से मुकेश सहनी गायब

# बिहार सरकार के मंत्री ने एनडीए का न्योता



**नई दिल्ली।** सीटों के बंटवारे को लेकर दावे-प्रतिदावे के बीच बुधवार को महागठबंधन की बैठक में तेजस्वी यादव के साथ विपक्षी दलों का जुटान हुआ, लेकिन इससे मुकेश सहनी गायब रहे। सहनी इस बार महागठबंधन में हैं, लेकिन इस बैठक में गायब होने से सनसनी फैल गई। बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ थी। लोकसभा चुनाव में सहनी ने महागठबंधन की पतवार संभाली और तेजस्वी यादव के साथ साये की तरह नजर आए। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों में भी वह तेजस्वी यादव के साथ नजर आ रहे थे, लेकिन बुधवार को महागठबंधन की बैठक से मुकेश सहनी का गायब रहना चर्चा में है। चर्चा इसलिए भी गरम हो गई है, क्योंकि बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने उन्हें एनडीए में आने का न्योता दे दिया है। एनडीए ही मुकेश सहनी के समाज का भला कर सकता है संतोष सुमन ने कहा कि एनडीए ही मुकेश सहनी के समाज का भला कर सकता है। उनका निषाद समुदाय अब एनडीए की विकासोन्मुखी विचारधारा के साथ खड़ा है। इसलिए मुके सहनी को भी उसी धारा में बहना चाहिए। संतोष सुमन ने तंज कसते हुए कहा कि मुकेश सहनी का अब महागठबंधन से मन भर गया है। उनका समाज एनडीए की विचारधारा के करीब है, इसलिए उन्हें भी एनडीए में आ जाना चाहिए। अगर वो आना चाहते हैं, तो एनडीए में उनका स्वागत किया जाना चाहिए। इधर, सियासी गलियारे में चर्चा है कि मुकेश सहनी 60 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ना चाह रहे हैं। इसलिए उन्होंने गठबंधन से 60 सीटें मांगी हैं। आशा-ममता कार्यकताओं की प्रोत्साहन राशि बढ़ाने पर सियासत, तेजस्वी बोले-सरकार का डर देख अच्छा लगता है

### सीट शेयरिंग से लेकर सभी बातों पर चर्चा हुई

इधर, कांग्रेस बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने आज की बैठक में हमलोग सभी कार्यक्रम पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीट शेयरिंग से लेकर सभी बातों पर चर्चा हुई। वहीं मुकेश सहनी के 60 सीट वाली बात पर कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि इस बार महागठबंधन के सभी नेता 243 सीट पर चुनाव लड़ेगी। कोई किसी भी सिंबल से चुनाव लड़ेगा तो उसके लिए सभी दल मजबूती से साथ देंगे।

## पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल ने किया औचक निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पिलखुवा में नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिदिन वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसका बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को सही रखने के निर्देश दिए। विभू बंसल फील्ड में रहकर लगातार क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

# मेरठ में बिना अनुमति उड़ाने पर होगी कार्रवाई, थानों में बनेंगे 'ड्रोन रजिस्टर'



**मेरठ।** मेरठ में रात को उड़ने वाले ड्रोन और उड़ने वाले खिलौनों पर पुलिस की पैनी नजर है। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कहा कि हर थाने में ड्रोन रजिस्टर बनेगा और बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। रात के अंधेरे में गांवों के ऊपर उड़ते रहस्यमयी ड्रोन अब केवल पहेली नहीं रहेंगे। मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने स्पष्ट कर दिया है कि अब ड्रोन या उड़ने वाले किसी भी उपकरण को बिना अनुमति उड़ाना अपराध की श्रेणी में आएगा।

पिछले कुछ समय से मेरठ समेत यूपी के अन्य जिलों में रात को ड्रोन उड़ने की घटनाएं सामने आ रही थीं। हालांकि सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि कुछ क्षेत्रों में ड्रोन से मैपिंग का कार्य किया जा रहा है, लेकिन उसके अलावा भी कई मामलों में ड्रोन उड़ने की सूचनाएं मिलीं।

डीआईजी ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों और बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस संबंध में सभी थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने थानों में 'ड्रोन रजिस्टर' बनाएं, जिसमें ड्रोन रखने वालों की जानकारी दर्ज की जाएगी। सिर्फ ड्रोन ही नहीं, अब रात में आसमान में उड़ने वाले खिलौनों पर भी प्रतिबंध लागू रहेगा।

यदि कोई व्यक्ति इनका उपयोग करता पाया गया तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन का मानना है कि इन उड़ने वाले उपकरणों से ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रम और दहशत फैल रही है। कई बार इन्हें लेकर असत्य सूचनाएं वायरल होती हैं, जो सामाजिक सौहार्द्र और सुरक्षा दोनों के लिए खतरा हैं।

# रिटायर्ड होमगार्ड के बेटे की गर्दन काटकर हत्या एक कुर्सी दुकान में रखने को लेकर हुई थी कहासुनी



**मेरठ।** मोहिउद्दीनपुर में रिटायर्ड होमगार्ड के बेटे ऋतिक की रोहित वाल्मीकि ने हत्या कर दी और फरार हो गया। मृतक के परिजनों ने आरोपियों के घर पर हमले का प्रयास किया। पुलिस ने आकर उन्हें शांत किया और हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी। जसवंतपुरा कालोनी में कुर्सी अंदर रखने को लेकर हुए विवाद के बाद युवक ने रिटायर्ड होमगार्ड रामनिवास के बेटे ऋतिक की धारदार हथियार से हत्या कर दी। गुस्साए मृतक के परिजनों ने आरोपी के घर हमला करने का प्रयास किया। रिटायर्ड होमगार्ड रामनिवास का परतापुर के मोहिद्दीनपुर रेलवे स्टेशन के सामने मकान है। मकान में शिव शक्ति नाम से टेंट की दुकान है, जहां रामनिवास का बड़ा बेटा हरीश बैठता है। सोमवार को गांव निवासी रोहित वाल्मीकि भतीजी के जन्मदिन के लिए रामनिवास की दुकान से टेंट का सामान लेकर गया था।

मंगलवार शाम रोहित सामान वापस देने पहुंचा। रोहित टेंट की कुर्सी व अन्य सामान दुकान के बाहर ही रख कर जाने लगा, तो हरीश कुर्सी अंदर रहने की बात कही। इसे लेकर दोनों में विवाद के बाद मारपीट हो गई। शोरशराबे की आवाज सुनकर ऋतिक घर से बाहर निकाला और बीचबचाव किया। इसके बाद रोहित अपने घर चला गया। आरोप है कि इसके बाद रोहित अपने घर गया और साथियों को लेकर दुकान पर पहुंचा। धारदार हथियार से ऋतिक की गर्दन पर वार कर दिया।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि योगेन्द्र कुमार सक्सेना, पुत्र श्री जानकी रमन सक्सेना निवासी OL-2-1001, एल्डेको यूटोपिया, एक्सप्रेस वे, सेक्टर-93A, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201304 मेरा नाम योगेन्द्र कुमार सक्सेना व कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम DR Y K SAXENA दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर ने संभाला गाजियाबाद का चार्ज

## बोले पर्यावरण सुधार, हिंडन नदी, स्पोर्ट्स स्टेडियम और दिव्यांग बच्चों के लिए होगा काम





### - रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया जाएगा मजबूत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार की शाम गाजियाबाद के नवनियुक्त जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर ने यहां पहुंचकर चार्ज लिया। चार्ज लेने से पूर्व में शहर के प्राचीन एवं प्रमुख शिव मंदिर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने पूजा अर्चना की, इसके बाद विजयनगर स्थित प्रताप विहार गेस्ट हाउस पहुंचे। वहां कुछ देर बिताने के बाद वह जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वहां उन्हें सलामी पुलिस कर्मियों द्वारा दी गई।

जिसके बाद उन्होंने चार्ज संभालकर गाजियाबाद की मीडिया से बातचीत की। इस दौरान नवनियुक्त जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर ने बताया है कि वह वर्ष 2012 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह अब तक की अपनी सेवा के दौरान कई प्रमुख बड़े शहरों में नौकरी कर चुके हैं। उन्होंने जहां जौनपुर में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराया था। तो वहीं मथुरा और वृंदावन जैसे बड़े नगर निगम में नगर आयुक्त रह चुके हैं। वह आगरा में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनात रह चुके हैं। तो बीते दिनों उन्होंने देश की नहीं बल्कि विश्व के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ में रहते हुए यहां की व्यवस्थाओं, तैयारी और इसको बेहद महत्वपूर्ण और प्रशंसनीय ढंग से संपन्न कराने का काम भी किया।

गाजियाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन की तमाम मुख्य भूमिका रहती है। वह अमजन की जनसुनवाई से लेकर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप काम करने का प्रयास करेंगे। वह यहां के विकास कार्यों और महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं ताकि जल्द ही उनका समय रहते हुए बेहतर ढंग से पूरा कराया जा सके और गाजियाबाद के विकास एवं सुधार की ओर नए कदम रखे जा सकें ।

### औद्योगिक क्षेत्र और विकास कार्यों पर रहेगी पूरी नजर : जिलाधिकारी

करंट क्राइम : जिलाधिकारी गाजियाबाद रविंद्र कुमार मंदर ने कहा है कि वह गाजियाबाद के विकास कार्यों को लेकर पूरी तरीके से ध्यान देंगे। विकास कार्य उनकी प्राथमिकता का हिस्सा रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद, दिल्ली और नोएडा से सटा हुआ शहर है। यहां औद्योगिक को लेकर प्रदेश के मुखिया से लेकर मंत्रियों की नजर रहती है। यहां के औद्योगिक क्षेत्र और औद्योगिक स्थानों के सुधार एवं विस्तार को लेकर भी महत्वपूर्ण ध्यान दिया जाएगा।

### उद्यमियों और अन्य संस्थाओं को एनओसी के लिए नहीं होना पड़ेगा परेशान

करंट क्राइम : नवनियुक्त जिलाधिकारी ने गाजियाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि यहां के उद्यमियों और औद्योगिक घरानों को एनओसी लेने के लिए अधिकारियों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। उन्हें परेशान नहीं होना पड़ेगा और किसी प्रकार से उनका कोई उत्पीड़न भी नहीं होने दिया जाएगा।

### जिला प्रशासन, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम के साथ रखेंगे बेहतर लालमेल

करंट क्राइम : नवनियुक्त डीएम रविंद्र कुमार मंदर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि गाजियाबाद का जिला प्रशासन, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम से आपस में बेहतर तालमेल रखेगा। बताया जा रहा है कि नवनियुक्त जिलाधिकारी ने बुधवार को ही गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स से मुलाकात की है। तो वहीं नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी उनके साथ दो कार्यक्रमों में मौजूद रहे और उनसे भी उन्होंने गाजियाबाद को लेकर विस्तार से चर्चा एवं मंत्रणा की है।

### खेल से लेकर खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जाएंगी सुविधाएं

करंट क्राइम : पत्रकारों के बातचीत कार्यक्रम में दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी ने जिलाधिकारी से पूछा कि गाजियाबाद में तमाम अधिकारी रहे खेल और खिलाड़ियों को लेकर किस तरीके का अलग रवैया देखने को मिलेगा। जिसपर जिलाधिकारी ने कहा है कि गाजियाबाद में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं और यहां खेलकूद के बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही जो खिलाड़ियों की आवश्यकता है, उन्हें पूरा करने पर ध्यान देंगे। इस दौरान उन्हें यह भी जानकारी दी कि उनको बताया गया है कि गाजियाबाद में नगर निगम के सहयोग से एक बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर के रूप में डेवलप किया जा रहा है, उसे समय रहते पूरा करने पर उनका विशेष ध्यान रहेगा।

### तालाबों और पर्यावरण को सुधारने के लिए लेंगे रुचि, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर भी रहेगा फोकस

करंट क्राइम : गाजियाबाद की हिंडन नदी के अस्तित्व को बचाने और हिंडन के जरिए नया जीवन प्रदान करने के लिए जिस तरीके से सरकार और प्रशासन अभियान चला रहा है, उसे आगे भी वृहद रूप पर चलाया जाएगा। गाजियाबाद की हिंडन नदी को संवारने के लिए उसके आसपास पौधारोपण किया जाएगा। तो वहीं पर्यावरण को सुधारने के लिए भी उन्होंने पौधारोपण जैसे कार्यक्रम आवश्यक बताएं हैं। कहा है की बड़ी सोसायटी और प्रमुख स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को प्रभावी बनाया जाएगा ताकि जलस्तर को सुधारा जा सकें। बता दें कि जिलाधिकारी द्वारा कई शहरों में वाटर लेवल को सुधारने के लिए प्रशंसनीय कार्य किए गए। जिसके लिए उनको पुरस्कार भी दिए गए हैं



### जाम और पार्किंग समस्या को लेकर जल्द तलाशेंगे स्पेस

करंट क्राइम : इस दौरान जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर को बताया गया है कि कलेक्ट परिसर में ही जाम और पार्किंग की समस्या रहती है। इस पर उन्होंने कहा कि जल्द ही इसको लेकर स्पेस की तलाश की जाएगी ताकि यहां की व्यवस्था को सुधारा जा सके। आने वाले फरियादियों को परेशान ना होना पड़े। तो लोगों को भी यहां आने में असुविधा महसूस ना हो। इसके लिए जल्द ही अधिकारियों के साथ में यहां का भ्रमण करेंगे और यातायात पुलिस को भी इसमें साथ लेने का काम करेंगे।

### बैसाखी से ज्यादा उपचार पर देंगे ध्यान

करंट क्राइम : गाजियाबाद के नियुक्त जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर का कहना है कि वह दिव्यांग बच्चों के लिए पहले भी कई प्रयास कर चुके हैं। वह मूलरूप से जयपुर के रहने वाले हैं और वहां की सहयोगी संस्थाओं को लेकर उन्होंने कई पहल की थीं। वैसी ही पहल को वह गाजियाबाद में भी शुरू करेंगे। उन्होंने कहा है कि वह बैसाखी से ज्यादा दिव्यांगों को उपचार मुहैया कराने पर जोर देंगे ताकि उनका जीवन सुधारा जा सके।

# जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदर ने भगवान दूधेश्वर के दरबार में मत्था टेका

### पूजा-अर्चना कर मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद के नए जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदर बुधवार को गाजियाबाद पहुंचे तो सबसे पहले सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में भगवान दूधेश्वर के दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने पूर्ण श्रद्धा के साथ भगवान दूधेश्वर का दर्शन-पूजन व जलाभिषेक किया और मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदर ने रूद्राभिषेक भी किया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने उनका स्वागत किया।

### महाकुंभ 2025 का सफल प्रबंधन कर जिलाधिकारी ने बनाई पहचान : महाराजश्री

करंट क्राइम। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ 2025 जैसे आयोजन का सफल प्रबंधन कर जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदर ने जहां अपनी अलग पहचान बनाई, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भरोसा भी जीता है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री व जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि महाराज, जूना अखाड़ा के वरिष्ठ अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, जूना अखाड़ा के सभापति श्रीमहंत मोहन भारती महाराज व उन्हें काफी समय से जानते हैं और जहां कहीं भी भेंट होती है तो वे बड़े ही आत्मीयता के साथ मिलते हैं।

### जिलाधिकारी ने 61 दिव्यांग बच्चों की सर्जरी कराई

करंट क्राइम। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदर ने रामपुर में डीएम रहते हुए मिशन समर्थ अभियान चलाकर 61 दिव्यांग बच्चों की सर्जरी कराई। साथ ही 900 से ज्यादा तालाब खुदवाकर भूजल स्तर को बढ़ाने के साथ 40 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार दिलाया। गाजियाबाद का जिलाधिकारी बनने के बाद वे बुधवार को एयरपोर्ट से सीधे श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर पहुंचे और

# आज तक किसी डीएम ने नहीं कही ऐसी बात

### कुछ अलग ही था जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर का ये आत्मीय अंदाज

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रशासनिक सफर में जिले में डीएम आते और जाते रहते हैं। ये एक प्रक्रिया है और प्रत्येक जिलाधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हैं और सबकी अपनी-अपनी प्राथमिकताएं होती हैं। लेकिन आईएएस रविंद्र कुमार मंदर जब अपने पहले ही दिन मीडिया से रूबरू हुए तो उनके लहजे में कान्फिडेंस, उनकी बातचीत में शालीनता और शब्दों में इतनी आत्मीयता थी कि सब उनके इस व्यक्तित्व पर मोहित हो गए। डीएम रविंद्र कुमार मंदर ने जो कहा वो आजतक किसी डीएम ने नहीं कहा। वो मीडिया से रूबरू हुए और सबसे बड़ी बात ये थी कि वो कोई जल्दबाजी में नहीं थे। पूरी तरह से रिलेक्श होकर मीडिया के साथ बैठे और अपने विषयों को रखा, सवालों के जवाब दिये। कहा कि दिव्यांगों को लेकर काम करना है और जो बात उन्होंने मीडियाकर्मियों को लेकर कही वो बात सभी के दिल को छू गई।

उन्होंने कहा कि मैं मीडिया के लोगों के साथ हर तरीके से हूं और मैं हमेशा आपके संपर्क में रहूंगा और फिर डीएम रविंद्र कुमार मंदर ने कहा कि अगर व्यक्तिगत जीवन की भी कोई समस्या है तो भी आप मुझे बता सकते हैं। मैं उसको भी हल करने का प्रयास करूंगा। ये वो बात थी जो आज तक किसी भी डीएम ने सार्वजनिक रूप से किसी मीडियाकर्मी से नहीं कही, लेकिन डीएम रविंद्र कुमार मंदर का ये अंदाज इतना आत्मीयता था कि उन्होंने मीडिया कर्मियों को कहा कि वो व्यक्तिगत परेशानी में भी साथ हैं। डीएम का ये अंदाज उनका ये आत्मीय लहजा मीडिया में छाया रहा।

# हाउस टैक्स की बात पर दिखाए मंत्री सुनील शर्मा ने तेवर

## प्रवीण चौधरी और सुनील यादव से बोले- जहां जुड़ा हो जनता का हित वहीं करनी चाहिए फेवर





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी को प्रस्ताव आया और ये बढ़ोत्तरी कई गुणा थी। जनता का मुद्दा था और जनता के समर्थन में सरकार के पार्षद आए। उन्होंने मोर्चा खोला और एक अघोषित सी लड़ाई छिड़ गई। पार्षदों ने पहले स्पेशल बैठक में प्रस्ताव का विरोध किया। सर्वसम्मति से बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव निरस्त किया। पार्षद विधायकों और सांसदों के पास गए और फिर धरने प्रदर्शन की भी नौबत आई। ये लड़ाई नगर निगम के इतिहास में दर्ज हो गई है क्योंकि जब कभी ये बात उठेगी तो ये सच भी सामने आएगा कि पार्षदों ने सरकार का नहीं बल्कि जनता के हित का ध्यान रखा था और वो धरने पर बैठे थे। सरकार उनकी थी और रात को लाइट काट दी गई थी। कोर्ट का फैसला, कोर्ट की रिट आएगी और जनप्रतिनिधियों का क्या रुख होना चाहिए इस बात को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दो पूर्व डिप्टी मेयर यानी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष को बेहतर तरीके से समझा दिया। मौका कविनगर रा मलीला मैदान का है। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. राजपाल त्यागी को श्रद्धांजलि अर्पित कर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा लौट रहे थे। वहीं पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुनील यादव, पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष तथा मौजूदा पार्षद प्रवीण चौधरी दोनों ही रामलीला मैदान में थे और यहां पर मिनट्स को लेकर चर्चा हो रही थी। आसपास के लोग इन दोनों को इस बात पर चिढ़ा रहे थे कि जब 25 जुलाई तक मिनट्स नहीं मिले तो पांच अगस्त को ही कहां से मिल जाएंगे। मिनट्स पर चर्चा थी और तभी कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा आ गए। सुनील शर्मा भी नगर निगम की बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स पर जनता के साथ रहने की बात कह चुके हैं। पूर्व पार्षद तथा पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुनील यादव का अभी तक हाउस टैक्स को लेकर कोई बड़ा बयान खुलकर नहीं आया। इसी तरह निगम पार्षद तथा पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी भी इस प्रकरण पर खुलकर सामने नहीं आए हैं।

हालांकि यहां स्पष्ट कर दें कि जब निगम पार्षद धरने पर बैठे तो उस दौरान प्रवीण चौधरी को अपनी बिटिया के एडमिशन के गोवाहाटी जाना पड़ा। उनकी बेटी ने आईआईटी गोवाहाटी की प्रवेश परीक्षा पास की है। बरहाल यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जो बात कही वो दोनों निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्षों को झकझोरने के लिये काफी थी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधि ही कानून बनाते हैं, जनप्रतिनिधि ही प्रस्ताव लाते हैं और जनप्रतिनिधि जो कुछ भी कह रहे हैं उस पर कानून बनाना, लागू करना शासन का काम है। बढ़े हुए हाउस टैक्स को निरस्त कराने का काम जनप्रतिनिधियों का है और जनप्रतिनिधियों की बात शासन और प्रशासन द्वारा सुनी जानी चाहिए। यहां पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जो बात कही वो ये कही कि जनहित जहां पर भी हो वहां जनप्रतिनिधि को जनहित में जनता की बात सुननी चाहिए। जनता के हित के लिये शासन से भी प्रशासन से भी जिद करनी चाहिए।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने ये भी कहा कि चाहे जनप्रतिनिधि के रूप में मैं हूं या ह्यकोई औरह्व हो उसे जनहित और जनता पर ध्यान देना चाहिए। अब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जनप्रतिनिधि के लिये जब ये कहा कि चाहे मैं हूं या ह्यकोई औरह्व तो इस कोई और वाले कॉलम में किसका नाम आना है, ये इशारा किस ओर ये सब समझ रहे थे। भले ही कैबिनेट मंत्री ने किसी काव नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने प्रवीण चौधरी और सुनील शर्मा से जो बात कही वो राजनीति से जुड़े लोगों के लिये भी एक सबक है। उन्होंने इस बात को कहा कि जनहित की बात पर जनप्रनिधि को जिद करनी ही चाहिए। निगम पार्षद प्रवीण चौधरी ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की बात का सम्मान किया और कहा कि मैं आज से पूरी मजबूती के साथ जनहित की बात पर फोकस करूंगा। जब पार्षद प्रवीण चौधरी ने यह बात कही तो उनके साथ खड़े रेड फेस मैन पूर्व निगम पार्षद पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुनील यादव के फेस पर भी एक मुस्कान आ गई। यहां पर स्टोरी में एक हल्का सा ट्विस्ट तब आ गया जब मेयर सुनीता दयाल की एंट्री यहां हो गई। लेकिन छोटा ट्विस्ट ये है कि मेयर सुनीता दयाल यहां रुकी नहीं और जनहित वाली बात को उन्होंने सुना नहीं और वो श्रद्धांजलि देने के लिये अंदर की ओर चल दी और उनके पीछे-पीछे पार्षद भी चले गए।

# सिटी जोन पुलिस ने 45 लाख के फोन लौटाकर 211 चेहरों को बांटी स्माइल

## पुलिस कमिश्नर ने टीम को दिया 25 हजार का इनाम

### - डीसीपी सिटी जोन ने बांटे खोए हुए मोबाइल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सभी थानों व सर्विलांस के साथ ही स्वॉट टीमों द्वारा गाजियाबाद डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल के नेतृत्व में बड़ा काम किया गया। गाजियाबाद सिटी जोन पुलिस ने सात अगल-अलग थानाक्षेत्र को मिलाकर कुल 211 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की है। इन 211 मोबाइल की अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।

गाजियाबाद पुलिस द्वारा केंद्रीय इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल पर अलग-अलग चोरी, खोए और स्नैचिंग की घटनाओं से संबंधित मोबाइल को खोजने का काम किया गया। इसके बाद बुधवार को डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने पीड़ितों को उनके मोबाइल लौटाकर उनको खुशी लौटने का काम किया है। इस दौरान कई पीड़ितों ने गाजियाबाद पुलिस को धन्यवाद भी दिया है, तो कहा है कि उनको उम्मीद नहीं थी कि कभी खेए हुए फोन वापिस भी मिलेंगे।

### महिलाओं से लेकर पत्रकार तक का मिला खोया मोबाइल



करंट क्राइम : इस दौरान डीसीपी सिटी जोन गाजियाबाद ने जानकारी दी है कि घंटाघर कोतवाली थाना पुलिस ने सर्वाधिक 68 मोबाइल बरामद किए। तो थाना सिहानी गेट ने 36, थाना नंदग्राम ने 34, मधुबन बापूधाम और विजयनगर ने 24-24, तो वहीं कवि नगर ने 15 और साइबर थाना ने 10 मोबाइल बरामद करने में सफलता हासिल की है। डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल ने बताया कि इस दौरान शालीमार गार्डन में रहने वाली महिला, पढ़ाई करने वाली एक छात्रा और फोटो जर्नलिस्ट उमेश कुमार को मोबाइल पुलिस ने बरामद कर उनको लौटने का काम किया है।





### मोबाइल खोजने वाली टीम को पुलिस कमिश्नर ने 25000 का इनाम दिया

करंट क्राइम : अलग-अलग थानों से मोबाइल बरामद करके 211 लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौटने का काम करने वाली टीम को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा 25000 के नगद इनाम की घोषणा की गई है। साथ ही पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में कई अन्य थानाक्षेत्रों और ट्रांस हिंडन जोन की पुलिस इस तरीके का काम करने वाली है।

## संपादकीय

# ऑपरेशन सिंदूर पर बहस

संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई लंबी बातचीत न केवल स्वस्थ, सार्थक और जीवंत रही बल्कि इसने सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को उनके बेहतर रंग में देश के सामने रखा। खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह स्पष्ट घोषणा सामने आई कि दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा जिससे वह अस्पष्टता दूर हो गई, जो इस मुद्दे को लेकर बनी हुई थी। यही नहीं, प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई नीति और ऑपरेशन सिंदूर के निहितार्थों को बहुत बारीकी से स्पष्ट किया।

दुनिया को संदेश पीएम मोदी का जवाब केवल विपक्ष के लिए नहीं था। यह सवाल पूरे देश को परेशान कर रहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के व्यापार रोकने की धमकी देकर सीजफायर कराने के दावों में कितनी सच्चाई है। हालांकि विदेश मंत्री एस.जयशंकर पहले भी ट्रंप के दावों को नकार चुके हैं, लेकिन सरकार के मुखिया की तरफ से आया जवाब पूरी दुनिया के लिए संदेश है कि भारत ऐसे फैसले किसी के दबाव में नहीं लेता।

संयम के साथ शक्ति पाकिस्तान के साथ टकराव के किसी भी मोड़ पर भारत का इरादा संघर्ष बढ़ाने का नहीं था। सरकार की ओर से खुली छूट होने के बावजूद भारतीय सेना की कार्रवाई सटीक, संतुलित और गैर–उकसावे वाली थी। भारत इस लक्ष्य के साथ उतरा था कि सीमा पार मौजूद आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके आतंक के आकाओं को सबक सिखाना है। यह संयमित रुख दिखाता है कि भारत युद्ध नहीं चाहता लेकिन अगर पाकिस्तान ने कोई दुस्साहस किया, तो उसे करारा जवाब देने में संकोच नहीं करेगा।

सराहना होनी चाहिए पीएम ने डिफेंस सेक्टर में सुधार से लेकर दुनिया में भारतीय हथियारों की बढ़ती मांग तक पर सिलसिलेवार ढंग से बात रखी। उन्होंने हर उस पहलू को छुआ, जिसे लेकर हाल में बहस बढ़ी है। आमतौर पर राजनीति में मुद्दे नारों के शोर में खो जाते हैं, लेकिन पीएम के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष ने जिस तरह का जिम्मेदारी पूर्ण व्यवहार दिखाया उसकी सराहना की जानी चाहिए। बात आगे बढ़े मॉनसून सत्र का काफी वक्त हंगामे की भेंट चढ़ चुका है। विपक्ष की मांग थी कि ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में चर्चा हो। लंबी चर्चा हुई, विपक्ष ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए अपने सारे संदेह और सवाल सदन में रखे, सरकार ने अपने ढंग से उनके जवाब भी दे दिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब सत्र के बचे हुए हिस्से में संसद में हंगामा, शोरगुल और बॉयकॉट नहीं बल्कि स्वस्थ, सार्थक चर्चा और सवाल–जवाब देखने को मिलेंगे।

# पावर ग्रिड का पहली तिमाही का मुनाफा 2.5 प्रतिशत घटकर 3,631 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ने बुधवार को बताया कि अधिक खर्च के कारण जून तिमाही 2025-26 में उसका समेकित शुद्ध लाभ 2.5 प्रतिशत घटकर 3,630.58 करोड़ रुपये रह गया। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ने बुधवार को बताया कि अधिक खर्च के कारण जून तिमाही 2025-26 में उसका समेकित शुद्ध लाभ 2.5 प्रतिशत घटकर 3,630.58 करोड़ रुपये रह गया। बीएसई को दी गई सूचना में कंपनी ने बताया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में उसे 3,723.92 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था।

हालांकि, कुल आय 11,279.59 करोड़ रुपये से बढ़कर 11,444.42 करोड़ रुपये हो गई। कुल खर्च एक साल पहले के 6,643.07 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,114.23 करोड़ रुपये हो गया। बोर्ड ने 2025-26 के लिए निजी प्लेसमेंट के तहत गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करने सहित विभिन्न स्रोतों से उधार सीमा को 16,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 25,000 करोड़ रुपये करने को मंजूरी दी।

इसने 2026-27 के दौरान एक या एक से अधिक किस्तों/प्रस्तावों में घरेलू बांड सहित विभिन्न स्रोतों से 30,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। बोर्ड ने पावरग्रिड और पावरग्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (पीजीइनविट) के कंसोर्टियम के माध्यम से 500 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित परियोजना लागत के साथ दो टीबीसीबी (टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली) परियोजनाओं में पावरग्रिड की भागीदारी के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।

पावरग्रिड की सम्पूर्ण हिस्सेदारी की बिक्री तथा पावरग्रिड और इंडिया ग्रिड ट्रस्ट के बीच संयुक्त उद्यम, पार्बती कोल्डम ट्रांसमिशन कंपनी से बाहर निकलने के लिए भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। बोर्ड ने भारत और नेपाल के बीच ट्रांसमिशन इंटरकनेक्शन के लिए पावरग्रिड और नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के बीच संयुक्त उद्यम के गठन को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।

इसके अलावा, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के कंपनी रजिस्ट्रार के रिकॉर्ड से पावरग्रिड और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम आरआईएनएल पावरग्रिड टीएलटी प्राइवेट लिमिटेड को बंद करने की भी मंजूरी दी गई। ये फैसले इनसे जुड़े अनुमोदन के बाद अमल में आएंगे।

# खराब मौसम और गन्ने की कमी के कारण चीनी उत्पादन में 18 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** इस साल भारत के चीनी उत्पादन में गिरावट देखने को मिली है। अक्टूबर में खत्म हो रहे मौजूदा सीजन में अब तक 2.58 करोड़ टन चीनी का उत्पादन हुआ। यह पिछले साल इसी समय की तुलना में 18.38 फीसदी कम है। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड (ठऋछरऋछ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। उत्पादन में गिरावट का कारण गन्ने की उपलब्धता में कमी, खराब मौसम की स्थिति, इथेनॉल उत्पादन में वृद्धि, और कीट व रोग का प्रकोप रहा।

### कुल उत्पादन 26.11 मिलियन टन पहुंचने की उम्मीद

फेडरेशन को उम्मीद है कि पूरे में कुल उत्पादन 26.11 मिलियन टन तक पहुंच जाएगा। यह 2023-24 मे उत्पादित 31.9 मिलियन टन से काफी कम है। कर्नाटक और तमिलनाडु में जून से सितम्बर तक चलने वाले विशेष पेराई कार्य चल रहे हैं। इससे कुल उत्पादन में कुछ और टन की वृद्धि होने की उम्मीद है। कर्नाटक में पिछले साल एक मील की तुलना में इस साल सात मिलें चल रही हैं। वहीं तमिलनाडु में पिछले वर्ष 11 की तुलना में इस साल नौ मिलें चल रही हैं।

### उत्तर प्रदेश में उत्पादन घटकर 9.27 मिलियन रहा गया

भारत के सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में जुलाई तक उत्पादन घटकर 9.27 मिलियन टन रह गया। यह एक वर्ष पूर्व इसी माह में 10.36 मिलियन टन था। दूसरे सबसे बड़े उत्पादक महाराष्ट्र में उत्पादन में बड़ी गिरावट आई और यह 11 मिलियन से घटकर 8.09 मिलियन टन रह गया। वहीं कर्नाटक में उत्पादन 5.16 मिलियन टन से घटकर 4.06 मिलियन टन रह गया।

# लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 143 अंक चढ़ा



**नई दिल्ली।** लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बुधवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 143.91 अंक उछलकर 81,481.86 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33.95 अंक की बढ़त के साथ 24,855.05 पर बंद हुआ। घरेलू इक्विटी बेंचमार्क बुधवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। यह संभवतः कुछ ताजा खरीदारी के कारण हुआ। हालांकि विश्लेषकों का मानना है कि भारत–अमेरिका व्यापार मोर्चे पर अनिश्चितता प्रमुख बाधा बनी रहेगी। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को बीएसई सेंसेक्स में करीब 144 अंक की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 143.91 अंक या 0.18 प्रतिशत उछलकर 81,481.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक सीमित दायरे में घूमता रहा और 281.01 अंक या 0.34 प्रतिशत बढ़कर 81,618.96 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 33.95 अंक या 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,855.05 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 52 पैसे गिरकर 87.43 (अनंतिम) पर बंद हुआ।


### सेंसेक्स कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो में 4.87 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई क्योंकि कंपनी ने जून तिमाही के दौरान समेकित शुद्ध लाभ में 29.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा सन फार्मा, एनटीपीसी, मारुति, भारती एयरटेल, ट्रेंट और एक्सिस बैंक भी लाभ में रहे। हालांकि, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, इटरनल, बजाज फिनसर्व और हिंदुस्तान यूनिलीवर पिछड़ गए।

### यूरोपीय बाजारों में रहा मिला–जुला रुख

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

# चीन–अमेरिका के बीच बिना टैरिफ पर बातचीत समाप्त होने के बाद एशियाई शेयर बाजारों में तेजी



**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता का हालिया दौर बिना किसी समझौते के समाप्त होने के बाद बुधवार को एशियाई शेयर बाजारों में तेजी दिखी। अमेरिकी वायदा बाजार में तेजी दर्ज की गई। बीजिंग के शीर्ष व्यापार अधिकारी ने कहा कि स्वीडन के स्टॉकहोम में दो दिनों की वार्ता के दौरान चीन और अमेरिका एक-दूसरे पर उच्च शुल्क लगाने की 12 अगस्त की समयसीमा को बढ़ाने पर सहमत हुए। अमेरिकी पक्ष ने कहा कि समयसीमा बढ़ाने पर चर्चा हुई, लेकिन अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर का कहना है कि अमेरिकी टीम वाशिंगटन वापस जाएगी और ²राष्ट्रपति से बात करेगी कि क्या वह ऐसा करना चाहते हैं। ट्रम्प द्वारा अन्य देशों पर प्रस्तावित कई टैरिफ लागू करने की शुक्रवार की समयसीमा नजदीक आ रही है। कई बहुप्रतीक्षित आर्थिक रिपोर्टें भी आने वाली हैं, जिनमें रोजगार बाजार पर नवीनतम मासिक अपडेट भी शामिल है। एसपीआई एसेट मैनेजमेंट के स्टीफन इनेस ने एक टिप्पणी में कहा, बाजार व्यापार को लेकर आशावाद के बादल में डूबे हुए थे - पहले जापान, फिर यूरोपीय संघ - लेकिन अब यह उत्साह कम हो रहा है। अब, स्टॉकहोम में अमेरिका-चीन वार्ता धीमी पड़ने के साथ, यह भावना बढ़ रही है कि गति थम रही है। हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 0.3% गिरकर 25,441.64 पर आ गया, जबकि शंघाई कम्पोजिट सूचकांक 0.5% बढ़कर 3,628.53 पर आ गया। टोक्यो का निक्केई 225 सूचकांक 0.1% से भी कम बढ़कर 40,687.17 पर पहुँच गया।

इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों की बढ़त की भरपाई टोयोटा मोटर कॉर्प और होंडा मोटर कंपनी जैसी प्रमुख निर्यात कंपनियों के नुकसान से हो गई। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.6% बढ़कर 8,759.20 पर पहुंच गया तथा दक्षिण कोरिया में कोस्पी 0.9% बढ़कर 3,259.00 पर पहुंच गया। ताइवान का टेक्स 0.9% बढ़ा जबकि भारत का सेंसेक्स 0.1% बढ़ा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जब आप खुश होते हैं आप गाने की धुन का आनंद उठाते हैं और अगर आप दुखी होते हैं तो आप गीत के शब्दों को समझते हैं।
- नाखून को शुरूआती हिस्से से आखिरी हिस्से तक बढने में पूरे 6 महीने लगते हैं।
- अगर आप कम सोते हैं तो आपके वजन बढने की संभावना बढ जाती है।
- अगर आप गूगल में 'Tilt' शब्द खोजेंगे तो पेज खुद थोडा झुका हुआ रहेगा।
- टूथपेस्ट को कपडों पर लगाकर सूखने तक छोडने के बाद धो देने से दाग निकल जाते हैं।
- अरुण (नेप्च्यून) और वरुण (यूरेनस) ग्रहों के अलग वातावरण के कारण वहां हीरों की बरसात होती है।
- सोने जाने के पहले बिस्तर पर 93 प्रतिशत लोग अपने सोने के लिए मिलने वाले घंटे गिनते हैं।
- हंसने से 50 प्रतिशत तक मानसिक दवाब कम होता है।
- गर्म तरल पेय पीने से दूसरों पर भरोसा बढ़ता है।
- आपके दोस्त आपकी जरूरत हैं। उनके साथ होने से होने से आपके शरीर की क्षमता 75 प्रतिशत तक बढ जाती है।
- जो लोग दूसरों की मदद करने में खुशी महसूस करते हैं उनकी उम्र लंबी होती है और उन्हें कम मानसिक दबाव होता है।
- अगर आपको कोई फैसला लेने में कठिनाई आ रही है एक सिक्का हवा में उछालिए। इसके नतीजे पर आपको फैसला नहीं लेना है बल्कि जब सिक्का हवा में ही होगा आप को समझ आ जाएगा आप असलियत में क्या चाहते हैं।

## राशिफल

**मेष :** भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल होंगे। ऐश्वर्य के साधन जुटेंगे। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**वृष :** किसी सामाजिक उत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। सम्माननीय व्यक्तियों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मिथुन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें। पुराना रोग उभर सकता है। घर–परिवार में मतभेद बढ़ सकते हैं। सामंजस्य बैठाएं।

**कर्क :** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मेहनत सफल रहेगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**सिंह :** भूले–बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शत्रु शांत रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। निवेश शुभ रहेगा।

**कन्या :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**तुला :** लिया हुआ कर्ज समय पर लौटा पाएंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर–बाहर पूछ–परख रहेगी। आय में बढ़ोतरी होगी।

**वृश्चिक :** रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु :** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन संभव है। तत्काल लाभ नहीं होगा। राजकीय बाधा दूर होगी। लाभ की स्थिति बनेगी। पूछ–परख रहेगी।

**मकर :** पूजा–पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक कार्य का लाभ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। शत्रु परास्त होंगे। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। नए काम मे जल्दबाजी न करें। घर–बाहर तनाव रह सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मीन :** कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। प्रमाद न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

## चुटकुले

बीवी : तुम हमेशा मोबाइल में बिजी रहते हो!
पति : जानू, मैं तो तुम्हारी फोटो देख रहा था।
बीवी : ओह सॉरी कौन सी वाली?
पति : स्टेटस वाली!

दोस्त : यार, तू हमेशा झूठ क्यों बोलता है?
गोलू : सच्चाई सुनकर लोग भड़क जाते हैं।
इसलिए मैंने शांति बनाए रखने के लिए झूठ बोलना शुरू कर दिया!

मरीज : डॉक्टर साहब, नींद नहीं आती!
डॉक्टर : रात को क्या करते हो?
मरीज : मोबाइल चलाता हूँ!
डॉक्टर : फिर मोबाइल को बोलो तेरे लिए लोरी गाए!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।


**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)


## 31 07 2025 करंट क्राइम

सेलेबिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



किआरा आडवानी
भारतीय अभिनेत्री



मधुर



वैदेही चौधरी



यति शर्मा



काव्या गौयल



देवेन्द्र कुमार



जितेन्द्र अग्रवाल



सुखिमिंदर सिंह



कनिष्क वशिष्ठ



मयूर



असलम खान



नितेश तोमर



प्रदीप शिशौदिया



राहुल त्यागी



धर्मेन्द्र आर्य



राकेश कुमार



अश्वनी त्यागी



अनुज चौधरी



गौतम रावल



मोहित



प्रसांत शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# प्राधिकरण को 28 भूखंडों की नीलामी से प्राप्त होंगे 106.03 करोड़ रुपए

## इंदिरापुरम के 2 भूखंडों के रिजर्व प्राइज 90 हजार तय किये गये थे अधिकतम बोली लगी 2 लाख 76 हजार प्रति वर्ग मी.

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में विभिन्न योजनाओं के रिक्त व्यवसायिक/आवासीय भूखण्डों के साथ-साथ कन्वीनियेन्ट शॉपिंग भूखण्ड, दुकान भूखण्ड, शिक्षण संस्थान, व हॉस्पिटल/नर्सिंग होम इत्यादि भूखण्डों एवं अनुज्ञप्ति (लाइसेंस डीड) के आधार पर आर.डी.सी., राजनगर व्हीकल फ्री जोन में निर्मित क्योस्कों एवं इन्दिरापुरम विस्तार योजना के आवासीय भूखण्डों व मधुबन बापूधाम योजना के एक सी.एन.जी. फिलिंग स्टेशन भूखण्ड की नीलामी प्राधिकरण के द्वारा हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में आयोजित की गई। इस नीलामी में इन्दिरापुरम योजना के 4 कन्वीनियन्ट शॉपिंग भूखण्डों की नीलामी से रु. 5.19 करोड़, एवं 2 आवासीय भूखण्ड से रु. 12.29 करोड़, इन्दिरापुरम विस्तार योजना बी. के 7 आवासीय भूखण्डों से रु. 45.44 करोड़, इन्दिरापुरम विस्तार योजना ए. के 3 आवासीय भूखण्डों से रु. 23.39 करोड़, इन्दिरापुरम न्याय खंड-1 के एक व्यवसायिक भूखण्ड से रु. 3.16 करोड़, कौशाम्बी योजना ब्लाक ए. के 5 आवासीय भूखण्डों से रु. 8.12 करोड़, यू.पी. बार्डर पाकेट ए. के 3 दुकान भूखण्डों से रु. 79.88 लाख, इन्द्रप्रस्थ योजना पाकेट एच. के 2 व्यवसायिक भूखण्डों से रु. 2.46 करोड़, मधुबन बापूधाम योजना के सी.एन.जी. फिलिंग स्टेशन के एक भूखण्ड से रु. 5.18 करोड़, की नीलामी उच्चतम बोली के अनुसार हुई। इस प्रकार नीलाम की गयी कुल 28 सम्पत्तियों के सापेक्ष प्राधिकरण को लगभग कुल रु. 106.03 करोड़ की सम्भावित आय होगी। उक्त सम्पत्तियों की नीलामी अपर सचिव की अध्यक्षता में सम्पन्न की गई, जिसमें मुख्य अभियन्ता, विशेषकार्याधिकारी/प्रभारी व्यवसायिक, सहायक अभियन्ता, लेखाकार एवं प्रभारी पुलिस निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।



# भाजपा युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा का वरिष्ठ नेताओं ने जाना स्वास्थ्य हालचाल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के अस्वस्थ होने की सूचना मिलते ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर उनका हालचाल जाना एवं शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राज्य मंत्री एवं विधायक सोमेन्द्र तोमर, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, प्रदेश मंत्री वसंत त्यागी एवं पूर्व विधायक उमेश मलिक सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनका मनोबल बढ़ाया।

पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी बड़ी संख्या में सचिन डेढ़ा के निवास पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना एवं शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। भाजपा परिवार उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र पुनः सक्रिय राजनीतिक जीवन में लौटने की मंगलकामना करता है।

# एचआरआईटी विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय ने बुधवार को इन्नर व्हील क्लब और वर्धान अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को नियमित रक्तदान के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंदों की सहायता करना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और रक्तदान किया। रक्तदाताओं के लिए आवश्यक स्वास्थ्य जांच और पौष्टिक खाद्य सामग्री की व्यवस्था भी की गई थी, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी प्रतिभागी सुरक्षित और स्वस्थ रहें। एचआरआईटी विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर डॉ. अंजुल अग्रवाल एवं एम.डी डी.पी.एसएचआरआईटी डॉ. वैशाली अग्रवाल ने रक्तदाता छात्रों और अन्य प्रतिभागियों की सराहना की और उनके सामाजिक योगदान को सराहा। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. डी.के. शर्मा ने नियमित रक्तदान के लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार यादव, डीन - फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड कॉमर्स डॉ. निर्दोष अग्रवाल, डॉ. अनिल त्यागी, डॉ. एम.के. जैन, डॉ. वरुण त्यागी, डॉ. पूजा अरोड़ा, नवीन, मुकेश, प्रीति, जय भगवान और श्लाल बहादुर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस पूरे कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. शबनम जैदी और उनकी टीम द्वारा किया गया, जिनके प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी संजय नगर में संपन्न हुआ भूमि पूजन कार्यक्रम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी (पंजी०), संजय नगर के तत्वावधान में मंगलवार को आयोजन स्थल संजय नगर रामलीला मैदान का भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। भूमि पूजन से पूर्व पंडित अमलेश झा द्वारा पूरे विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया जिससे रामलीला ग्राउंड और आस-पास का माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर संजय नगर रामलीला कमेटी के समस्त पदाधिकारी, सदस्य एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने हवन-पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही महामंडलेश्वर गुरु मां मंजू भारद्वाज द्वारा कमेटी अध्यक्ष उमेश पप्पू नागर के साथ नारियल फोड़कर भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद एवं कमेटी अध्यक्ष उमेश पप्पू नागर ने कहा कि हम भगवान राम के आशीर्वाद से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम समिति के सदस्यों और स्थानीय निवासियों के सहयोग से इस आयोजन को पहले से भी भव्य और आकर्षक बनाने के लिए कार्यरत हैं। कमेटी के महामंत्री अनुज राघव ने बताया की प्रतिवर्ष रामलीला आयोजन से पूर्व भूमि को शुद्ध और पवित्र करने तथा आयोजन की सफलता के लिए भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त करने के उद्देश्य से भूमि पूजन का आयोजन किया जाता है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कमेटी की संरक्षिका कौशल शर्मा, संरक्षक रविंद्र सिंह राणा, किरण पाल सिंह तेवतिया, समाजसेवी वीके अग्रवाल, झम्मन चौधरी, हेमलता चौधरी, रामवती, पन्ना देवी, बबीता, निभा, निर्मला कौशिक, संगीता, हरेंद्र यादव,राहुल शर्मा, मनीष पंवार, बंटी, सुनील, उपेंद्र राठी, प्रवीण भाटी, एसएन वार्ष्णेय, गौरी शंकर सिंह, मुकेश शर्मा, विपिन त्यागी, विपिन त्यागी, दीपक राणा, तुषार चौधरी, हैप्पी नागर, करण सिंह, कन्हैया एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अभय खंड के प्रेम प्रसंग में आरोपी एक बार फिर नाबालिक लड़की के साथ हुआ फरार

**गाजियाबाद।** पिछले दिनों अभय खंड एक इंदिरापुरम में एक लव जिहाद का मामला सामने आया था। जिसमें 14 साल की नाबालिक लड़की को एक अकबर नाम का युवक अपने प्रेम जाल में फंसा लिया था। आरोपी युवक लड़की को लेकर फरार हो गया था। इस मामले को लेकर अभय खंड में काफी तीखा विरोध हुआ था जिसमें स्थानीय लोगों ने आरोपी के दुकान के बाहर जमकर प्रदर्शन किया था। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात 2:00 बजे आरोपी दो-तीन लड़कों के साथ उस नाबालिग लड़की के घर पहुंचा और उसे पहला बहला फुसलाकर ले गया। परिजन और आसपास के लोगों को जब इसकी जानकारी हुई थी वह अभय खंड चौकी पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। परिजनों की ओर से इस मामले में फिर दर्ज कराई गई है वहीं विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि अगर लड़की को बरामद नहीं किया गया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता पुलिस चौकी और थाने के बाहर धरना देने को बाध्य होंगे विश्व हिंदू परिषद के इंदिरापुरम मंडल के अध्यक्ष अमित पाराशर ने कहा कि मामले का खुलासा होने के बाद भी आरोपी की हिम्मत इतनी है कि उसने अपने दोस्तों के साथ लड़की को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया इस मामले में में महीने में आरोपी ने लड़की के परिजनों के साथ मार पिटाई कर लड़की को लेकर फरार हो गया था। बाद में लड़की को बरामद किया गया था अब फिर आरोपी लड़की को लेकर फरार हो गया है।

# रक्षाबंधन पर योगी सरकार का महिलाओं को बड़ा तोहफा

## महिलाओं को स्टांप शुल्क में मिलेगी 1% की छूट : मंत्री रविंद्र जायसवाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रक्षाबंधन के मौके पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। अब अगर कोई महिला अपने नाम से जमीन या मकान खरीदती है, तो उसे स्टांप शुल्क में भारी छूट मिलेगी। यह घोषणा प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री (न्यायालय शुल्क एवं पंजीकरण) रविंद्र जायसवाल ने गाजियाबाद दौरे के दौरान की। मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि पहले किसी महिला को अपनी नाम से संपत्ति खरीदने पर 7% स्टांप शुल्क देना पड़ता था, लेकिन अब उसे केवल 6% शुल्क ही देना होगा। यानी महिलाओं को 1% की सीधी छूट मिलेगी। पहले यह छूट केवल 10 लाख रुपये तक की संपत्ति पर लागू थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये तक कर दिया गया है।

उदाहरण देते हुए मंत्री ने बताया कि गाजियाबाद में यदि कोई महिला एक करोड़ रुपये का फ्लैट खरीदती है, तो उसे अब 7 लाख की बजाय 6 लाख का ही स्टांप शुल्क देना होगा। इसी तरह नोएडा में, जहां स्टांप शुल्क 5 लाख लगता था, वह अब महिला के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर 4 लाख लगेगा। इसके अलावा योगी सरकार ने खून के रिश्तों में रजिस्ट्री को लेकर भी एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। अब यदि कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति मां, बहन, बेटा या बेटी के नाम ट्रांसफर करता है, तो उसे सर्किल रेट के अनुसार भारी स्टांप शुल्क नहीं देना पड़ेगा। ऐसे मामलों में अब सिर्फ रु. 5000 स्टांप शुल्क देना होगा। इससे आम नागरिकों को आर्थिक रूप से बड़ा लाभ होगा और पारिवारिक संपत्ति के ट्रांसफर में भी आसानी आएगी। मंत्री जायसवाल ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नारी शक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक और ठोस कदम बताया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के इस अवसर पर यह निर्णय महिलाओं के सशक्तिकरण को नई दिशा देगा और उन्हें प्रॉपर्टी के मालिकाना हक के लिए प्रेरित करेगा।

# भगवान खाटू श्याम का तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया

## देर रात तक भक्ति भजनों पर झूमे-नाचे श्याम प्रेमी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजय नगर हनुमान मंदिर में भगवान खाटू श्याम की प्रतिमा की स्थापना को 2 वर्ष पूर्ण हो जाने पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें राधा माधव बल्लभ संकीर्तन मंडल ने भगवान खाटू श्याम की और राधा रानी के बहुत सुंदर-सुंदर भजन गाए जिनको सुनकर सभी झूम उठे। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य ट्रस्ट बीके अग्रवाल ने जोत जलाकर महोत्सव की शुरुआत की। भगवान खाटू श्याम की ज्योति में शिव कुमार शर्मा, विकी अग्रवाल, सुरेंद्र पाल त्यागी, गौरव अग्रवाल, कवि नगर गजेंद्र शर्मा, वैभव त्यागी, डॉक्टर नीरज गर्ग, हरिओम त्यागी, योगेश कौशिक, पंडित इंद्रेश शर्मा, सुरेंद्र तिवारी, सुधांशु शर्मा, वैभव ठाकुर, विशाल, पवन, वैशाली, विपिन गुप्ता, किरण शर्मा, लोकेश सिंगल, प्रदीप गुप्ता, हेमंत कंसल, एडवोकेट आलोक मिश्रा, विनोद त्यागी, राजकुमार कश्यप, अरविंद गुप्ता, सुनील शर्मा, श्यामसुंदर गुप्ता सहित सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने भजन संध्या का आनंद लिया।





# गाजियाबाद महानगर के जिला अस्पतालों में नहीं हैं सर्जन और फिजिशियन : तेजपाल सिंह राणा

## नेफ्रॉलोजी और यूरोलॉजी के पेशेंट भटक रहे दर-दर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की राजधानी दिल्ली से सटा हुआ हाईराइज बिल्डिंग्स, प्राइवेट शिक्षण संस्थानों और प्राइवेट हॉस्पिटलों का हब, मेट्रो, एयरपोर्ट जैसी तमाम हाईटेक सुविधाओं से लैस वाली लगभग 20 लाख की आबादी वाला गाजियाबाद महानगर वो शहर है जो लोगों को लग्जरी फील कराता है परन्तु इस महानगर के एक पहलू का सच मुझे आज तब पता चला जब एक अर्थला निवासी 45 वर्षीय किडनी स्टोन से बेहद पीड़ित महिला के उपचार हेतु उसका परिवार मुझसे मिला। मैंने अपने परिचित जिला अस्पताल के एक डॉक्टर को फोन किया तो मुझे पता चला कि महानगर के दोनों जिला अस्पतालो में (एमएमजी और संयुक्त चिकत्सालय संजय नगर) में नेफ्रॉलोजी और यूरोलॉजी का कोई भी सर्जन और फिजिशियन की तैनाती ही नहीं है। मतलब कोई डिपार्टमेंट ही स्थापित नहीं है। शायद इसलिए कि इस डिपार्टमेंट को बनाने के लिए डायलिसिस की पूरी यूनिट स्थापित करनी पड़ेगी। बेहद चौंकाने और हैरान करने वाली ये बात सुनकर बहुत तकलीफ हुई। जिन लोगों का फाइनेंसियल बजट इतना नहीं है कि वे लाखों रुपए जमा कराकर प्राइवेट लूटखोर हॉस्पिटल्स में अपना इलाज करा पाएं उनके लिए किसकी जवाबदेही बनती है। क्या उनकी जो इन्हीं आमजन लोगों द्वारा चुनकर प्रदेश और केंद्र की सदनों में भेजे गए जनप्रतिनिधियों की या जिला प्रशासन के मुख्य अधिकारियों की जिन्हें जिले में इसलिए भी तैनात किया गया है कि आमजन की ऐसी समस्याओं के निवारण के लिए अपने-अपने विभागों की रिपोर्ट बनाकर संबंधित मंत्रियों या मुख्यमंत्री को सौंपे ताकि अपनी जवाबदेही से निवृत्त हो जाएं। फिलहाल जिला अस्पताओं में अनिवार्य रूप से इस विभाग के कंसलटेंट फिजिशियन की तैनाती अवश्य होनी चाहिए जिसमें मरीजों की प्राथमिक जांच करके उनके लिए दवाइयां और अच्छे किसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर लेटर उपलब्ध कराया जा सके।

# नारी सम्मान नहीं करने वाला समाज जीवित रहने योग्य नहीं : यति नरसिंहानंद गिरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हरमिलाप मंदिर शिवपुरी में आयोजित मां बगलामुखी महायज्ञ के दूसरे दिन श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए सनातन धर्म की रक्षा, नारी सम्मान और हिंदू समाज की जनसंख्या वृद्धि को लेकर जोरदार वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि जो समाज अपनी मां, बहन, बेटी, पत्नी सहित नारियों की रक्षा नहीं कर सकता, उसे जीवित रहने का अधिकार नहीं होता। उन्होंने महाभारत के प्रसंगों का हवाला देते हुए बताया कि महाभारत का युद्ध द्रौपदी के अपमान के प्रतिशोध में हुआ था। उस समय हस्तिनापुर की सभा में बैठे सभी लोग – कौरव और पांडव – दंडित हुए। योगेश्वर श्रीकृष्ण ने यह सिद्ध कर दिया कि नारी अपमान का मूकदर्शक भी क्षमा योग्य नहीं है।

महामंडलेश्वर ने अपने प्रवचन में कहा कि वर्तमान समय में लव जिहाद जैसी समस्याओं का समाधान केवल श्रीमद्भगवद्गीता में निहित शिक्षाओं के माध्यम से संभव है। उन्होंने धर्म के रक्षक बनने का आान करते हुए कहा कि सनातन धर्म पर हो रहे हमलों से निपटने के लिए हिंदुओं को न केवल संगठित होना पड़ेगा, बल्कि अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए संख्या बल भी बढ़ाना होगा। उन्होंने हिंदू समाज को चेताते हुए कहा, हिंदुओं की घटती जनसंख्या आज सबसे बड़ा खतरा बन गई है। अगर परिवार छोटे होते गए तो आने वाले समय में ना हमारी संस्कृति बचेगी, ना धर्म। कोई अवतार आकर हमें नहीं बचाएगा। हमें खुद अपने अस्तित्व की रक्षा करनी होगी। उन्होंने विशेष रूप से संपन्न हिंदू समाज से आग्रह किया कि वे जनसंख्या बढ़ाने के लिए योजना बनाएं और समाज के अन्य वर्गों को इसके लिए प्रेरित करें।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी वार्ड 27 सेन विहार की पुलिया : ललित कश्यप





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 27 सेन विहार की पुलिया जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। बारिश होने के कारण लोग उसमें गिर रहे हैं। कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। गाजियाबाद के विधायक संजीव शर्मा तुरंत इस पर संज्ञान लें और तुरंत वार्ड नंबर 27 में कार्य कराएं। वार्ड 27 सेन विहार स्कूल के बराबर वाली गली में नगर निगम ने 8 दिन पहले पुलिया डाली थी। पुलिया 8 दिन में ही जर्जर होकर टूट गई। घटिया क्वालिटी की सामग्री लगाने वाले ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। नगर निगम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। जब किसी की जान चली जाती है तब एक शब्द बोलकर सब लोग पुष्प चढ़ाकर कहते हैं ओम शांति शांति। ठेकेदार और अधिकारी पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए अधिकारी को लाइन हाजिर किया जाना चाहिए।

# मोरटा, ढरगल एवं सिकरोड में अनधिकृत निर्माणों पर चला जीडीए का बुलडोजर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में बुधवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-1 के नेतृत्व में रवि अग्रवाल, खसरा संख्या-1135, ग्राम-मोरटा, पिलर नम्बर 660-661 पर लगभग 500 वर्ग मी. क्षेत्रफल पर किया गया अवैध निर्माण, नीरज मित्तल पुत्र नरेश कुमार मित्तल, खसरा संख्या-135-136, ग्राम-सिकरोड, के रेपिड रेल पिलर नम्बर 630 के सामने लगभग 300 वर्ग मी. क्षेत्रफल में, भूतल पर किया गया अवैध निर्माण एवं जगदीश चौधरी पुत्र ब्रहम सिंह, ग्राम-ढरगल, वरदान हॉस्पिटल रोड पर लगभग 800 वर्ग मी. क्षेत्रफल में गोदाम हेतु किया गया अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीयविकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गयी। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्रवाई किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# प्राकृतिक पद्धति से हिंडन नदी में गिरने वाले नालों का किया जाएगा सुधार

## नगर आयुक्त ने आईआईटी दिल्ली तथा मुंबई के विशेषज्ञों के साथ बनाई कार्य योजना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा हिंडन नदी की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए योजना बनाई जा रही है जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा 10 प्रमुख नालों पर प्राकृतिक पद्धति अपनाते हुए कार्यवाही की जाएगी, नालों के जल को प्राकृतिक पद्धति से शोधित किया जाएगा, नगर आयुक्त तथा महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा आईआईटी दिल्ली और मुंबई की विशेषज्ञों के साथ बैठक करते हुए डेमो लिया गया।



### 10 प्रमुख नालों के जल को शोधित कर हिंडन नदी की स्वच्छता हेतु की जाएगी कार्रवाई : नगर आयुक्त

करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा विशेषज्ञों के सहयोग से नालों की जल को प्राकृतिक पद्धति से शोधित करने की कार्यवाही की योजना बनाई जा रही है जिसमें हिंडन नदी में गिरने वाले प्रमुख 10 नालों की जल को शोधित प्राथमिकता पर किया जाएगा जिसमें अर्थला, सिटी फॉरेस्ट,डसना, हिंडन विहार, करहेड़ा, केला भट्टा, नंदग्राम,प्रताप विहार, राहुल विहार, इंदिरापुरम के नालों पर प्राकृतिक पद्धति से शोधित करने की कार्यवाही की जाएगी। नालों की सफाई करते हुए फ्लोटरिंग पदार्थ हटाया जाएगा इसके बाद पानी में घुली हुई गंदगी को भी साफ किया जाएगा। बैक्टीरिया को भी हटाने की कार्यवाही के बाद पानी के ऑक्सीजन लेवल को बढ़ते हुए प्राकृतिक पद्धति से नालों की जल को शोधित करने का कार्य किया जाएगा जिससे हिंडन नदी में गिरने वाला जल नदी की स्वच्छता को बनाए रखेगा।

### प्राकृतिक माध्यम से किया जाएगा जल शोधन

करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम लगातार नालों की सफाई का कार्य कर रहा है। इसके अलावा ऐसे प्रमुख नाले जो कि सीधा हिंडन नदी में गिरते हैं, उनके जल को शोधित करने का कार्य प्राकृतिक पद्धति से किया जाएगा। आईआईटी दिल्ली तथा आईआईटी मुंबई से लगातार समन्वय किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में नदियों को सुरक्षित रखने का कार्य प्राकृतिक माध्यम से किया जाए। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इंद्रकांत झा टेक्निकल हेड ऑफ साइंस आईआईटी मुंबई द्वारा डेमो दिया गया जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।




### जब इनकम हो गई डबल तो क्यों है पार्षदों के विकास का ट्रबल

नाली सीवर वाले महकमें में इन दिनों फीवर जनहित का चल रहा है। कौन किसकी कितनी केयर कर रहा है इसका तो पता नहीं लेकिन बात पब्लिक के फेवर की चल रही है। सरकारी अधिकारी और सरकार के नेता एक तरफ वाला सीन हो गया है। अब इस पूरे किस्से में मजे विपक्ष वाले पार्षद ले रहे हैं। सुना है कि करोड़ वाले पार्षद कोटे में कोई रोक लग गई है। विपक्ष वाले पूछ रहे हैं कि साहब तो ये कह रहे थे कि उन्होंने नगर निगम की इनकम डबल कर दी है। अब वो पूछ रहे हैं कि जब नगर निगम की कमाई डबल हो गई है तो फिर पार्षदों के मौहल्ले में विकास का ट्रबल क्यों है। सुना है कि अब विकास वाला डबल इंजन डबल कमाई के बावजूद चल नहीं रहा है। बताने वाले बता रहे हैं कि पार्षदों के मौहल्ले में काम रूक गये हैं और जब पार्षद विकास की बात करते हैं तो खजाने के मालिक खजाने में फंड ना होने की बात कहकर उन्हें टाल देते है। वहीं सरकार वाले पार्षद ने भी इस पूरे सीन पर चुटकी ली और कहा कि ये तो निगम की मुखिया को देखना है कि जब इनकम डबल हो गई तो विकास का कोटा भी दो करोड़ हो जाना था लेकिन यहां तो करोड़ वाली मरोड़ निकल गई है और अब लाख वाले विकास कामों पर भी फंड ना होने की खाक डाली जा रही है।

### वो एक्स बन गई है एडवाईजर और उसने चेंज करा दिया सुपरवाईजर

विकास वाले किस्से गूंज रहे हैं और किस्सा उस वार्ड से हैं जहां निगम पार्षद अपने घर में हैं और पार्षद पति की मति निगम वाली मैडम ने ठीक कर दी है। लेकिन मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि एक्स मैडम ने अब दूसरे वाले मौहल्ले में डेरा डाल लिया है। बताते हैं कि वो नए मैम्बर को कोंचिंग दे रही है। वैसे तो उन्होंने इस वार्ड में चुनाव के दौरान ही एडवाईजर का काम थाम लिया था। एक्स पार्षद भी कम नहीं है और उनका कार्यकाल उगाही का भौकाल वाला कार्यकाल माना जाता है। अब दूसरे मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि एडवाईजर ने इस वार्ड का सुपरवाईजर ही चेंज करा दिया। जिस वार्ड की वो पार्षद रहीं हैं उस वार्ड का सुपरवाईजर अब इस वार्ड में सुपरवाईजर के रूप में आ गया है जिस वार्ड में मैडम एडवाईजर के रूप में काम कर रही है। निगम वाले ही बता रहे हैं कि क्या सिखाया होगा और क्या सीखा होगा। वो तो भोले पार्षद की एडवाईजर हैं और सुना है अब इस जोन में भी वो अलग ही टोन में है।

### कोर कमेटी में ही बैठ गये थे टिकट मांग रहे दावेदार

कार्यकर्ता का टिकट होता है और कार्यकर्ता का हक होता है कि वह टिकट मांगे। लेकिन टिकट हमेशा नेताओं के हिस्से में आता है और कार्यकर्ता हमेशा शोर मचाता रह जाता है। कहीं दादा जी कोटे का टिकट पोते को मिल गया और कहीं पति की दावेदारी पर पत्नी के हिस्से में टिकट आ गया। फूल वाले ही बता रहे हैं कि अजी किस बात की कोर कमेटी और किस बात का मामला था प्योर। वो बता रहे हैं कि कोर कमेटी में ही दावेदार बैठ गये। फूल वाले ने कहा कि नदिया पार के एक कोर कमेटी मैम्बर अपनी पत्नी के टिकट मांग रहे थे और टिकट मिल भी गया। उन्होंने बताया कि केवल पार्षदों की ही क्यों बात करे। कोर कमेटी के एक मैम्बर तो मेयर के लिए पूरी तरह से अपनी पत्नी के फेवर में थे टिकट की दावेदारी थी। बताते हैं कि यहां पर सबसे पहले कोर कमेटी में ही हाथ मिले और तय हुआ कि मेरी बात तुम रखना और तुम्हारी बात मैं रखूंगा। कार्यकर्ता देखता रह गया और टिकट की बंदरबांट हो गई।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें पता है गर्ग साहब के यहां से होनी है 18 नामों की सरकारी वाली सूची तैयार? मगर कुछ चेहरे इसे महज अफवाह बता रहे हैं यार? कहने वाले ने कहा कि फिर क्यों इस मामले में इतना ले रहे हैं मैदी जी इन्टरेस्ट? हमसे इस बात को कई जनों ने कहा है? आप करो तो सही हमारी बात पर ट्रस्ट? जो भी हो अगर इस बार हमको जिम्मेदारी नहीं मिली तो छोड़ देंगे राजनीति? नहीं सह पायेंगे हम ये कष्ट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** देश पराया छोड़ कर आजा? पंजी पिंजरा तोड़ कर आजा? आजा ऊंची कर दे हमारी भी चोटी? हम भी खिला सकते हैं अपने घर पर बड़े नेता को रोटी? मगर पार्टी के कुछ चेहरे नहीं दे रहे है इस बात पर ध्यान? जैसे ही कोई बड़ा नेता आता है वो उसे अपने घर पर ले जाने का बना लेते हैं प्लान? ना जाने कार्यकर्ता कब तक होते रहेंगे ऐसे नजारों को देखकर हैरान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सुनाकर ऊपर वाला गाना? फिर बताने वाले ने नहीं छोड़ा कोई बहाना? कहा अब उनकी गलियों में नहीं रखेंगे कदम, हम आज के बाद? जा रहे हैं हम कमांडर के पास अपने दिल के ले के जज्बात? हमें पता है वो हमारी उपस्थिति से हो जायेंगे बहुत खुश? हमें पाकर उनका चेहरा हो जायेगा संतुष्ट? हम भी तोड़ देंगे अब अंबूजा सीमेंट से बनाई हुई बीच की दीवार? कम से कम कमांडर इनसे ज्यादा रखते थे हमारा ख्याल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** डेढ़ा जी के यहां जब प्रदेश वाले चौधरी साहब ने रखा पूरी शिद्दत से कदम? हमने देखा ये बात नहीं हुई कई दिलजलों को हजम? कहने वाले कह रहे हैं चौधरी साहब का मिस्टर डेढ़ा के यहां पर जाना पड़ सकता है दो गुर्जर चेहरों पर भारी? कभी भी चल सकती है उनके अरमानों पर आरी? कहने वाले ने कहा कभी-कभी कुछ चोट भी अच्छी होती हैं? क्योंकि दर्द भले ही इनसे कितना उठे? मगर ये किस्मत बदल देती है ये सारी की सारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात भगवागढ़ के सीन से निकल कर आ रही है बाहर? इस सीन में बचा लिये है किसी ने कार्यक्रम के नाम वाले पैसे? कुछ ऐसा संदेश पहुंचा रहा हैं किसी के पास किसी का पुराना यार? पता चला है इस यारी में पड़ गई है दरार? इसलिए देने वाले ने दिया है संदेश? जब हमें आयोजन के हॉल फ्री मिला, खाना फ्री मिला और मुफ्त में हो गया प्रदर्शनी का इंतेजाम? तो फिर क्यों वसूलने वाले ने वसूले काफी सारे रुपए प्रोग्राम के नाम? कहने वाले ने कहा इस तरह की शिकायत करके एक दोस्त कर रहा है दूसरे दोस्त का काम तमाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें बहुत अच्छा लगता है उनके काम करने का अंदाज? मगर जिन पर होना चाहिए था उन पर नहीं हुए थे उस वक्त वो नाराज? उन्होंने जब देखा एक जुलूस के समापन के दौरान गंदगी के हालात? तब वो संयोजक और सहसंयोजक से कुछ नहीं बोले मगर उन्होंने अपना आक्रोश हम जैसे कार्यकताओं पर दिया लाद? आप खुद ही बताओ जो संयोजक थे उन्हें खुद ही रखना चाहिए था इन बातों का ध्यान? आक्रोश दिखाने वाले ने इन चेहरों पर क्यों आक्रोश नहीं जताया, हम इस बात पर हैं हैरान? शायद उन्हें होगा इस बात का ज्ञान कि अगर वो इन चेहरों से कुछ कहेंगे तो वो पलट कर जवाब दे देंगे श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं रहा काफी समय तक श्रद्धांजलि सभा वाले कार्यक्रम में? मुझे एक बात का तो हो गया एहसास? मुराद पूरी करने वाले नगर में अब कोई भी नहीं है विधायक जी के आस-पास? मुझे तो लग रहा है भविष्य में इस सीट पर तो पार्टी नहीं करेगी कोई विचार? कहने वाले ने कहा इतना मजबूत संदेश गया है श्रद्धांजलि सभा से? जो रहेगा आने वाले कई दशकों तक सदाबहार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम खड़े थे कांग्रेस के पार्षद अजय शर्मा के पास? हमने कहा वैसे तो आप खूब क्रान्तिकारी तेवर दिखाते हो? मगर मिनट्स और हाउस टैक्स वाले मैटर पर कहां गायब हो गये आप? इस पर मिस्टर शर्मा ने कही एक बात फाईन? कहा जो धरने पर बैठे थे उन्हें दी हुई थी विधायकों ने लाईन? हमें नहीं था इस लाईन पर चलना स्वीकार? मगर हम आपको इतना बता रहे हैं कि 5 तारीख तक मिनट्स नहीं मिले? तो 6 तारीख को हम धरना देने वाले हैं जोरदार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मशाल वाले जुलूस को लेकर वैसे ही हो गया था किसी का मूड ऑफ? मगर समापन वाले मैटर पर किसान वाली जिम्मेदारी संभालने वाले नेता ने कुछ चला अलग ही शॉट? हम देख रहे थे वो मौके पर करेंगे बड़ा वाला स्वागत का प्रोग्राम? मगर वो तो दस रुपए वाली माला के साथ हिट करना चाह रहे थे प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा कि चलो माना कि भीड़ नहीं थी उनके साथ? मगर माला तो कम से कम बड़ी वाली ले आते? कौन सा उनको घाटा सहना पड़ता बेहिसाब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे शोक सभा वाले कार्यक्रम में मौजूद? हमें आ रही थी वहां पर चौधरी साहब के साथ चलने वाले तोमर जी की आवाज? मिस्टर तोमर लगातार कर रहे थे चौधरी साहब को युवा गुर्जर चेहरे के यहां पर ले जाने का प्रयास? मैं अब आपको ये बात ज्यादा नहीं कर रहा हूं मिक्स? सीधे-सीधे बता रहा हूं कि चौधरी साहब को वहां पर ले जाने का मामला तोमर जी ने ही किया था फिक्स? कहने वाले ने कहा राजनीति में कभी-कभी लगते हैं कुछ इस तरह के भी सिक्स?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।




### महीनों बाद एक कार्यालय पर दिखी चहल-पहल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो कई कार्यालय व परिसर हैं, पर कुछ अपने आप में अलग पहचान रखते हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो कई ऐसे कार्यालय रहे हैं जहां लोगों को प्रवेश लेने के लिए बड़ी मेहनत करनी पढ़ती थी, तो अब कई कार्यालय सीधी एंट्री के लिए जाने जाते हैं। पर कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बुधवार को एक अलग ही सीन देखने को मिला है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले जिस खास ऑफिस की यहां बात हो रही है, एक समय था, वहां लोगों की आसानी से एंट्री नहीं हो पाती थीं। वहीं तो कई ऐसे मामले भी उस कार्यालय से जुड़े रहे हैं, जो कई बार कमिश्नरेट के लिए टेंशन वाली वजह बनते रहे हैं। पुलिस सूत्रों ने जानकारी दी है कि लगभग तीन माह के बाद यहां पर अलग सीन देखने को मिनला था। यहां पर लोग नजर आए, तो लाइटों से लेकर एसी को चालू किया गया था। उधर बुधवार को जो भी इस ऑफिस में पहुंचा वह भी अलग सा फील कर रहा था। सूत्र बता रहे हैं कि लंबे समय बाद खुले ऑफिस में चहल-पहल थोड़ी अलग थी। तो जिस ऑफिस में लोग प्रवेश करते हुए डरते थे, वहां बड़ी संख्या में पुलिस के उस स्टार के कर्मचारी भी थे, जिनको आने की अनुमति नहीं मिलती थी। कुल मिलाकर लंबे समय बाद उस ऑफिस में चहल-पहल दिखाई दी, जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम का कभी मुख्य कार्यालय हुआ करता था। इस ऑफिस के अंदर सूबे के सबसे बड़े नेता या यूं कहिए सरकार के मुखिया दो बार लंबा समय बिता चुके हैं। तो बुधवार को यहां कमिश्नरेट वाले सिटी जोन का एक बड़े खुलासे की प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। दरअसल बता दें कि इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का परमजीत हॉल वाला कमरा पुलिस की ट्रेनिंग के लिए आए अभ्यर्थियों के लिए रिजर्व चल रहा है। जिसकी वजह से बुधवार को लाइन वाले इस खास कार्यालय में प्रेसवार्ता की गई थी। जहां सिटी वाले साहब की टीम द्वारा कमिश्नरेट के अलग-अलग स्थान से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन रिकवर करने की सफलता वाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शहर कोतवाल से लेकर रेलवे लाइन के बराबर वाले थाने ने दूसरी और नदी के बराबर वाले थाने ने भी जमकर कमाल दिखाया है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन वाले साहब ने उन चेहरों पर मुस्कान लाने का काम किया है, जो इस बात को मान चुके थे, कि क्या उनके खोए हुए फोन भी कभी मिल सकते हैं। कुल मिलाकर लंबे समय बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने जनता को गुड न्यूज देने का काम किया है।




# ताइक्वांडो में जय कांत त्यागी व ईशान शर्मा ने ब्रोंज मेडल जीता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सीबीएसई नोर्थ जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 जो कि मीरापुर मुजफ्फरनगर में 26 जुलाई से 30 जुलाई के बीच शिखर शिक्षा सदन स्कूल में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में गाजियाबाद जनपद के वनस्थली पब्लिक स्कूल के छात्र जय कांत त्यागी अंडर -19 (73 किलो भार वर्ग में) ब्रोंज मेडल एवं ईशान शर्मा ने अंडर - 14 (41 किलो भार वर्ग में) ब्रोंज मेडल प्राप्त कर गाजियाबाद जिले का एवं स्कूल नाम रोशन किया। बच्चों की इस सफलता के पीछे कोच रिंकू कुमार की मेहनत और प्रशिक्षण हैं। कोच रिंकू कुमार ने दोनों बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और भविष्य में उनसे और भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी।






Mayank Goel
23h ·

गाजियाबाद के लोकप्रिय सांसद आ. श्री अतुल गर्ग जी के आवास पर दिल्ली परिवार सहित रात्रिभोज किया।
अपने वरिष्ठ जनों से आशीर्वाद मिलना ईश्वर कृपा है।
आपका मार्गदर्शन और साथ सदा की तरह मिलता रहेगा यह विश्वास है।।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल अपनी पत्नी के साथ गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचे। यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अपनी पत्नी के साथ मयंक गोयल और उनकी पत्नी का स्वागत किया। गर्ग दंपति की मेजबानी थी और गोयल दंपति मेहमान थे। सभी ने एक साथ रात्रि भोज किया। मयंक गोयल ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया

**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी नगर पालिका अध्यक्ष ने बुधवार को क्षेत्र के चार वार्ड में करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से कराए जाने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ किया। विकास कार्य का शुभारंभ होने पर लोगों ने पालिका अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। कविता एनक्लेव और टोली मोहल्ला में करीब 3.15 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जाने वाले इंटरलाकिंग रोड और नालियों का शुभारंभ किया। वार्ड नंबर 47 की गोरी पट्टी कॉलोनी में करीब 2.32 करोड़ रुपये, वार्ड नंबर-54 की कंचन पार्क व इकराम नगर कॉलोनी में करीब 2.46 करोड़ रुपये, वार्ड नंबर-55 की मुस्तफाबाद कॉलोनी में करीब 3.15 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जाने वाले इंटर लाकिंग रोड व नाली के विकास कार्यों का शुभारंभ किया।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# हेड को पीछे छोड़ अभिषेक बने टी-20 के नंबर-1 बल्लेबाज, नौ रैंकिंग में से पांच पर भारतीयों का दबदबा

**मुंबई।** आईसीसी ने ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। भारत के स्टार ओपनर अभिषेक शर्मा ने ट्रेविस हेड को पीछे छोड़ दिया और टी20 के नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं। हेड को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज नहीं खेलने का नुकसान हुआ और वह एक स्थान लुढ़क कर दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। अभिषेक के करियर की यह सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

नौ में से पांच स्थानों पर भारतीयों का दबदबा

इतना ही नहीं, टेस्ट वनडे और टी20, तीनों प्रारूपों के तीनों श्रेणियों (बैटर, बॉलर और ऑलराउंडर) को मिलाकर, कुल नौ रैंकिंग में से पांच पर भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा है। अभिषेक के अलावा शुभमन गिल वनडे के नंबर एक बल्लेबाज हैं, जबकि जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजों में नंबर एक हैं। वहीं, रवींद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर्स में और हार्दिक पांड्या टी20 ऑलराउंडर्स में नंबर एक हैं। इसके अलावा टीम रैंकिंग में भारत वनडे और टी20 में नंबर एक है। टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया नंबर एक है।



### अभिषेक ने टी20 प्रारूप में मचाया है तहलका

बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक के अब 829 रेटिंग अंक हैं, जबकि हेड 814 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अभिषेक ने अब तक भारत के लिए 17 टी20 मैचों में 33.44 की औसत और 193.85 के स्ट्राइक रेट से 535 रन बनाए हैं। इनमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा वह छह विकेट भी ले चुके हैं। अभिषेक को आने वाले समय का स्टार माना जा रहा है। इस विस्फोटक ओपनर के पास हर तरह के शॉट्स हैं और हाल फिलहाल में टी20 में भारत की कामयाबी के पीछे वह अहम कड़ी रहे हैं।

### जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर्स में शीर्ष पर

वहीं, आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर्स में जडेजा ने दूसरे स्थान पर मौजूद बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज पर 117 रेटिंग अंकों की बढ़त ले ली है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, 'जडेजा ने 107 रन की नाबाद पारी और चार विकेट लेकर ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में बढ़त बना ली है। उन्होंने 13 रेटिंग अंक हासिल किए हैं और कुल 422 अंक के साथ वह बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज से 117 अंक आगे हैं।'

# भारत महिला एशियाई कप के ग्रुप सी में जापान-वियतनाम और चीनी ताइपे अन्य टीमें

**नई दिल्ली।** भारत को अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूनार्मेंट के ग्रुप सी में जापान, पूर्व चैंपियन चीनी ताइपे और वियतनाम के साथ रखा गया है। एक से 21 मार्च, 2026 तक चलने वाले 12 टीमों के इस टूनार्मेंट के लिए ड्रॉ मंगलवार को सिडनी टाउन हॉल में आयोजित किये गए, जिसमें भारतीय मिडफील्डर संगीता बासफोर तीन ड्रॉ सहायकों में से एक थीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 12 टीमों को चार-चार टीमों के तीन ग्रुप में बांटा गया है।

भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत चार मार्च, 2026 को पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में वियतनाम के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद भारत सात मार्च को इसी मैदान पर जापान से और फिर 10 मार्च को वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम में चीनी ताइपे से भिड़ेगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीम को ब्राजील में 2027 में होने वाले महिला विश्व कप में जगह मिलेगी, जबकि क्वार्टर फाइनल में हारने वाली टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी, जहां इस वैश्विक प्रतियोगिता में जगह बनाने के लिए दो और स्थान दांव पर होंगे।



जापान ने 2011 में महिला विश्व कप जीता था। वह अभी विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर है जो एशियाई टीमों में सर्वश्रेष्ठ है। वियतनाम की विश्व रैंकिंग 37 जबकि चीनी ताइपे की 42 है। भारत वर्तमान में विश्व में 70वें स्थान पर है और इस तरह से वह ग्रुप में सबसे कम रैंकिंग वाली टीम है।

भारत के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की विज्ञप्ति में कहा, 'मुझे लगता है कि हमारा ग्रुप काफी दिलचस्प है, लेकिन साथ ही काफी पेचीदा भी है। जापान एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। वियतनाम और चीनी ताइपे अच्छी टीमें हैं। हम उनके साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं तथा अनुकूल परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'अब जबकि हम अपने प्रतिद्वंद्वियों को जानते हैं, तो हमें अपने मैत्री मैचों का चयन सोच-समझकर करना होगा और अच्छी तैयारी करनी होगी। एक इकाई के रूप में एकजुट रहना और अभ्यास शिविरों में कड़ी मेहनत करना, हमें एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों का सामना करने और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए तैयार होने में काफी मददगार साबित होगा।' ग्रुप ए में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के साथ कोरिया गणराज्य, ईरान और फिलीपींस शामिल हैं। ग्रुप बी में उत्तर कोरिया, चीन, बांग्लादेश और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। चीन गत विजेता है और वह रिकार्ड 10वां खिताब जीतने की कोशिश करेगा।

# कोको गॉफ की संघर्षपूर्ण जीत, फर्नांडीज पहले दौर में बाहर, मुसेट्टी-रूने भी अगले दौर में



**वाशिंगटन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन डब्ल्यूटीए टेनिस टूनार्मेंट के अगले दौर में जगह बनाई लेकिन पिछले सप्ताह डीसी ओपन का खिताब जीतने वाली स्थानीय खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पहले दौर में बाहर हो गई। फर्नांडीज को ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट ने केवल एक घंटे 15 मिनट में 6-4, 6-1 से हरा दिया। विश्व की 24वें नंबर की इस खिलाड़ी ने रविवार को वाशिंगटन में अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए खिताब जीता था और वह मॉन्ट्रियल में कोर्ट पर वापसी से पहले अतिरिक्त आराम की उम्मीद कर रही थीं। इसलिए उन्होंने हार के बाद इस टूनार्मेंट के कार्यक्रम की आलोचना भी की।

गॉफ ने हमवतन अमेरिकी डेनियल कोलिन्स के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट किए लेकिन वह आखिर में 7-5, 4-6, 7-6 (2) से जीत हासिल करने में सफल रही, जो फ्रेंच ओपन फाइनल के बाद उनकी पहली जीत है। चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने बियांका एंड्रीस्कू के टखने में चोट लगने के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे सेट के टाईब्रेकर में जापान की आओई इतो से हार का सामना करना पड़ा, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने रेबेका मैरिनो को 6-1, 6-2 से हराया।

### पुरुष एकल में मुसेट्टी-रूने की जीत

वहीं, पुरुषों में तीसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी और पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूनार्मेंट के अगले दौर में जगह बनाई। मुसेट्टी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-1 से, जबकि रूने ने जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड को 7-6 (7), 6-3 से हराया। इस मास्टर्स 1000 टूनार्मेंट में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी।विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, दूसरे नंबर के कार्लोस अल्काराज, पांचवें नंबर के जैक ड्रेपर और छठे नंबर के नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड, 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव, 14वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और गत विजेता 18वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन भी अपने-अपने मैच जीतने में सफल रहे।

# डायनामाइट, अलीगढ़ और एडब्ल्यू एफसी की टीम बनी चैंपियन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के फुटबॉल मैदान पर खेले गए नाइन-ए साइड फुटबॉल टूनार्मेंट में डायनामाइट एफसी, अलीगढ़ एफसी और एडब्ल्यू एफसी ने अपने-अपने आयु वर्ग में खिताब जीत लिया। अंडर-16 के फाइनल में डायनामाइट एफसी ने मैदान एफसी को 2-0 से हरा दिया। सलिक ने दोनों गोल दागे।

अंडर-14 के फाइनल में अलीगढ़ एफसी ने वूलन हीट को 3-2 से हराया। पेनाल्टी शूटआउट में अलीगढ़ एफसी ने 3-2 से हरा दिया। अंडर-19 के फाइनल में एडब्ल्यू एफसी ने पीआर एफसी को 1-0 गोल से हरा दिया। फरदीन ने एक गोल दागा। विजेता और उपविजेता टीम को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।



मुख्य अतिथि एएमयू विधि संकाय के प्रो. मोहम्मद तारिक ने कहा कि खेल केवल जीत और हार का नाम नहीं बल्कि यह अनुशासन, चरित्र निर्माण और जीवन की दिशा तय करने का मंच है। यूनिवर्सिटी गेम्स कमेटी के सचिव सैयद अमजद अली रिजवी ने कहा कि नवोदित प्रतिभाओं को इस प्रकार के आयोजनों से मंच मिलता है।

संचालन मजहर उल कमर ने किया। इस अवसर पर कैप्टन डॉ. फारूक डार, फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद अनस, आयोजन सचिव जमीर चौधरी, फुटबॉल प्रशिक्षक सैयद तुफैल उर रहमान, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद इमरान, भगत सिंह बाबा, नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

## पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम का ऐलान

# कप्तान स्टोक्स खुद हुए बाहर, कुल चार खिलाड़ी बदले गए

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के पांचवें और आखिरी टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11 की घोषणा हो गई है। कप्तान बेन स्टोक्स चोटिल होकर खुद ही प्लेइंग-11 से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह ओली पोप आखिरी टेस्ट में कप्तानी करेंगे। इंग्लैंड ने प्लेइंग-11 में कुल चार खिलाड़ी बदले हैं। पांचवां टेस्ट लंदन के द ओवल मैदान पर गुरुवार यानी 31 जुलाई से खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। लीड्स में पहला टेस्ट इंग्लैंड ने पांच विकेट से जीता था। इसके बाद एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया ने 336 रन की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। लंदन में तीसरा टेस्ट इंग्लैंड ने 22 रन से अपने नाम किया था। चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। इसके अलावा ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर और लियाम डॉसन भी इस प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं हैं। ये तीनों मैनचेस्टर टेस्ट का हिस्सा रहे थे। कार्स और डॉसन ने पिछले मैच में काफी गेंदबाजी की थी और स्टोक्स ने इसको लेकर चिंता भी जाहिर की थी। वहीं, आर्चर ज्यादातर समय चोटिल रहते हैं। वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत उन्हें आराम दिया गया है।



स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट से जूझ रहे हैं। स्टोक्स की जगह स्पिन ऑलराउंडर जैकब बेथेल को शामिल किया गया है। वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। वहीं, सरे के दो पेस बॉलिंग ऑलराउंडर गस एटकिंसन और जेमी ओवरटन को भी शामिल किया गया है। इंग्लैंड की टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों ने लगातार चारों टेस्ट खेले थे और उन पर भी थकान हावी था। मैनचेस्टर टेस्ट को जल्दी ड्रॉ घोषित करने की मांग को लेकर भी कप्तान बेन स्टोक्स ने यही वजह बताई थी। उस टेस्ट के खत्म होने के तीन दिन बाद अगला टेस्ट होना था।

स्टोक्स ने इस सीरीज में गजब का जज्बा दिखाया था और न सिर्फ बल्लेबाजी, बल्कि गेंदबाजी में मैराथन स्पेल डाले थे, लेकिन पिछले टेस्ट में वह भी परेशानी में दिख रहे थे और थकान हावी थी। अब वह दाएं कंधे में चोट के कारण पांचवें टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इसके साथ ही ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स भी चारों टेस्ट का हिस्सा रहे। चोट के बाद चार साल बाद टेस्ट में वापसी करने वाले जोफ्रा आर्चर ने भी दो टेस्ट खेले और लंबे-लंबे स्पेल किए।

# सीएएफए नेशंस कप में भारत का पहला मैच ताजिकिस्तान से, ब्राजील कोपा अमेरिका फेमिनिना के फाइनल में

**नई दिल्ली।** भारत को सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूनार्मेंट के ग्रुप बी में रखा गया है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 29 अगस्त को दुशांबे में मेजबान ताजिकिस्तान से होगा। इस ग्रुप की अन्य दो टीमें ईरान और अफगानिस्तान हैं। आठ सितंबर तक चलने वाला यह मध्य एशियाई क्षेत्रीय टूनार्मेंट, एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालिफायर फाइनल राउंड से पहले भारत के लिए तैयारी का काम करेगा।



भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस टूनार्मेंट में आठ टीम भाग लेंगी। प्रत्येक ग्रुप की विजेता टीमें ताशकंद में फाइनल में जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें दुशांबे में तीसरे स्थान के लिए भिड़ेंगी। ग्रुप ए के मैच ताशकंद में खेले जाएंगे। इस ग्रुप में मेजबान उज्बेकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, तुर्कमेनिस्तान और ओमान शामिल हैं। इस टूनार्मेंट में भारत और ओमान दो मेहमान टीमें हैं। ईरान गत विजेता है, जिसने 2023 के फाइनल में उज्बेकिस्तान को 1-0 से हराया था।

### ब्राजील पांचवीं बार फाइनल में

पिछली चार बार के चैंपियन ब्राजील की टीम इक्वाडोर के क्विटो में जारी कोपा अमेरिका फेमिनिना महिला फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंच गई है। उसने उरुग्वे के खिलाफ शुरूआती आधे घंटे में तीन गोल करके 5-1 से जीत हासिल की और पांचवीं बार फाइनल मे जगह बनाई। अमांडा गुटिएरेस ने 11वें मिनट में ब्राजील की तरफ से पहला गोल किया। इसके दो मिनट बाद जियोवाना क्विरोज ने बढ़त दोगुनी कर दी जबकि स्टार खिलाड़ी मार्टा ने 27वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके ब्राजील की जीत सुनिश्चित कर दी।

गुटिएरेस ने 65वें मिनट में फ्री किक पर एक और गोल किया, जबकि डुडिन्हा ने 86वें मिनट में टीम की तरफ से पांचवां गोल दागा। ब्राजील अगले शनिवार को होने वाले फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगा, जिसने सोमवार को अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से हराया था।

# गावस्कर-स्मिथ को पीछे छोड़ सकते हैं शुभमन, ब्रैडमैन के 95 साल पुराने रिकॉर्ड पर भी नजरें




**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला गुरुवार से लंदन के ओवल मैदान में खेला जाएगा। टीम इंडिया फिलहाल सीरीज में 1-2 से पीछे है और इस युवा टीम के पास आखिरी टेस्ट जीतकर सीरीज को बराबर करने का बेहतरीन मौका है। सीरीज की शुरूआत से पहले हर किसी ने शुभमन गिल की अगुआई वाली इस टीम को कम आंका था, लेकिन अब तक इस टीम ने इंग्लैंड की अनुभवी टीम को कड़ी टक्कर दी है।

गिल एंड कंपनी चाहेगी कि पिछले इंग्लैंड दौरे की तरह फिर से दोनों टीमों के बीच सीरीज ड्रॉ कराई जाए। आखिरी टेस्ट में ऋषभ पंत नहीं खेलेंगे और ऐसे में काफी हद तक भारतीय बल्लेबाजी का दारोमदार शुभमन गिल पर ही होगा। गिल ने इस दौरे पर अद्भुत प्रदर्शन किया है और विदेशी जमीन पर उनकी बल्लेबाजी की आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया है। गिल अब तक इस सीरीज में चार मैचों की आठ पारियों में 90.25 की औसत और 65.28 के स्ट्राइक रेट से 722 रन बना चुके हैं। इस दौरान उन्होंने चार शतक लगाए हैं।

गिल ने इस सीरीज में जब-जब 20 से ज्यादा रन बनाए हैं, उन्होंने उसे शतक में बदला है। उन्होंने पहले टेस्ट में की पहली पारी में 147 रन और दूसरी पारी में आठ रन, दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 269 रन और दूसरी पारी में 161 रन, तीसरे टेस्ट की पहली पारी में 16 रन और दूसरी पारी में छह रन और चौथे टेस्ट की पहली पारी में 12 रन और दूसरी पारी में 103 रन बनाए हैं। गिल अब तक इस सीरीज में 79 चौके और 12 छक्के लगा चुके हैं।

### 1. 21वीं सदी में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन

साल 2000 से किसी एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के नाम है। उन्होंने 2019 में इंग्लैंड दौरे पर एशेज सीरीज में 774 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर भी स्मिथ ही हैं। उन्होंने 2014-15 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 769 रन बनाए थे। वहीं, तीसरे नंबर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक हैं। उन्होंने 2010-11 में इंग्लैंड के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एक सीरीज में 766 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड के ही जो रूट चौथे नंबर पर हैं। उन्होंने 2021-22 में भारत के इंग्लैंड दौरे पर 737 रन बनाए थे। पांचवें नंबर पर शुभमन गिल हैं। गिल को स्मिथ के 774 रन को पीछे छोड़ने के लिए 52 रन की जरूरत है और वह 21वीं सदी में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।

### भारतीय कप्तान द्वारा एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन

किसी एक टेस्ट सीरीज में किसी भारतीय कप्तान द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के भारत दौरे पर टेस्ट सीरीज में 732 रन बनाए थे। गिल के पास गावस्कर को पीछे छोड़ने का मौका है और इसके लिए उन्हें 11 रन बनाने हैं। गिल के पास महान कप्तान बल्लेबाज के रूप में अपनी पहचान बनाने का मौका है। तीसरे नंबर कोहली हैं। उन्होंने 2016 में इंग्लैंड के भारत दौरे पर टेस्ट सीरीज में 655 रन बनाए थे।

# गंभीर और पिच क्यूरेटर के बीच हुए विवाद पर फूटा गिल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को मुख्य कोच गौतम गंभीर और पिच क्यूरेटर ली फोर्टिस के बीच हुए विवाद पर बात की। उन्होंने कहा, 'हमें (भारतीय टीम) पिच से 2.5 मीटर की दूरी बनाए रखने के बारे में पहले कभी कोई निर्देश नहीं दिया गया था।' दरअसल, मंगलवार को गंभीर और फोर्टिस के बीच पिच के नजदीक पहुंचने को लेकर बहस हो गई थी। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। रिपोर्ट में बताया गया कि फोर्टिस ने उन्हें 2.5 मीटर की दूरी बनाए रखने के लिए कहा था, जिस पर गंभीर ने नाराजगी जताई।





### फोर्टिस ने गंभीर को दी शिकायत की धमकी

भारतीय टीम ने मंगलवार को ओवल में वैकल्पिक प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। इस दौरान गौतम गंभीर और सरे के मुख्य ग्राउंड्समैन के बीच तीखी बहस हो गई थी। जानकारी के अनुसार, ली फोर्टिस पिच के ज्यादातर हिस्से को भारतीय टीम द्वारा प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल करने से खुश नहीं थे। उन्होंने कुछ खिलाड़ियों और कोच के पिच के करीब आने पर भी चिंता जताई थी। जिस वक्त भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक फोर्टिस से इस संबंध में चर्चा कर रहे थे तभी गंभीर बीच में आ गए। फोर्टिस को गंभीर से यह कहते हुए सुना गया कि वे बहस न करें और यदि वे ऐसा करते रहे तो उन्हें 'मैच रेफरी को रिपोर्ट करना होगा।' कोटक और फोर्टिस नेट के किनारे बातचीत करते रहे। फिर गंभीर ने कोटक से कहा कि वह फोर्टिस से बातचीत में न पड़ें और कहा कि वह (फोर्टिस) जाकर मैच रेफरी को रिपोर्ट कर सकते हैं।

### पिच से 2.5 मीटर की दूरी बनाए रखने का नहीं मिला कोई निर्देश

इस मामले पर अब कप्तान शुभमन गिल का बयान आया है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि कल क्या हुआ था और पिच क्यूरेटर ने ऐसा क्यों किया। हमने चार मैच खेले हैं, और किसी ने हमें रोकने की कोशिश नहीं की। सभी ने बहुत क्रिकेट खेला है, और कोच और कप्तान कई बार जाकर विकेट देख चुके हैं। मुझे नहीं पता कि इतना हंगामा किस बात का था।' उन्होंने आगे कहा, 'जहां तक मुझे याद है, हमें पिच से 2.5 मीटर की दूरी बनाए रखने के बारे में पहले कभी कोई निर्देश नहीं दिया गया था। मुझे नहीं पता कि कल इतना हंगामा किस बात पर हुआ था। एक कोच को विकेट को करीब से देखने का पूरा अधिकार है। मुझे नहीं पता कि क्यूरेटर ऐसा क्यों नहीं होने देगा... यह पहली बार नहीं है जब हम विकेट को देख रहे हैं।'

### पांचवें टेस्ट में मिल सकता है बुमराह को आराम

इस दौरान गिल ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इस पर फैसला कल (गुरुवार) लिया जाएगा। बुधवार को न्यूज एजेंसी पीटीआई ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर रहना तय माना जा रहा है। वहीं, अंशुल कंबोज भी पिछले टेस्ट में प्रभावित करने में नाकाम रहे थे। ऐसे में आकाश दीप की प्लेइंग-11 में वापसी हो सकती है। वह चोट की वजह से पिछला मैच नहीं खेले थे। इसके अलावा अंशुल की जगह अर्शदीप सिंह को टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। दोनों ने मंगलवार को प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहाया था। सिराज तीसरे तेज गेंदबाज हो सकते हैं। हालांकि, सिराज पर भी चार टेस्ट खेलने की वजह से थकान हावी है और अगर उन्हें आराम दिया जाता है, तो प्रसिद्ध कृष्णा खेलते दिखाई पड़ेंगे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी को श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़ा जन सैलाब



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राज्यपाल त्यागी की शोक सभा बुधवार को कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित हुई। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। शहर से लेकर देहात तक और समाज के सभी वर्गों के लोग और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।